दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

RNI NO.RAJHIN /2013/52026

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 187 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | बुधवार 11 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष नवमी, संवत्-2082

भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

## ओम बिरला का लोकसभा में ना जाने का फैसला; 9 मार्च को प्रस्ताव पर चर्चा होगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे। एजेंसी के मुताबिक विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरुआत की।

राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस क्लैरिफिकेशन के बाद आया, जिसमें कहा गया कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं।

पेंगुइन कंपनी ने कहा- अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। हमारी तरफ से किताब का कोई भी हिस्सा कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने स्नढ्ढक्र भी दर्ज की है। दरअसल, राहुल गांधी पूर्व आर्मी चीफ की किताब लेकर लोकसभा पहुंचे थे। पूरा विपक्ष इस बात पर अड़ा है कि उन्हें सदन में बोलने दिया जाए।

## स्वास्थ्य मंत्रालय बोला- आदिवासी इलाकों में 2.38 लाख सिकल सेल एनीमिया के मरीज

राज्यसभा में स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 3 फरवरी तक देश भर के आदिवासी बहुल इलाकों में 6.83 करोड़ से ज़्यादा लोगों की सिकल सेल एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग की गई है। इनमें से लगभग 2.38 लाख लोग इस बीमारी से इन्फेक्टेड पाए गए, जबकि 19.32 लाख से ज्यादा लोगों की पहचान कैरियर के तौर पर हुई।

### संक्षिप्त समाचार

## बाबरी ढांचा कयामत के दिन तक नहीं बनेगा : योगी



बढ़ता राजस्थान

**बाराबंकी ( एजेंसी )।** कयामत की रात कभी नहीं आएगी, इसलिए बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कभी संभव नहीं है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वे ऐसे ही सड़-गल जाएंगे। ऐसे लोगों से कहना चाहेंगे कि कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो, क्योंकि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। जो कानून तोड़ेगा, वो सीधे जहन्नुम में जाएगा।

यह बात सीएम योगी ने मंगलवार को बाराबंकी में कही। उन्होंने कहा- ये डबल इंजन की सरकार है। हम लोगों ने कहा था ना, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। बन गया न मंदिर। कोई संदेह है।

राम को भूल जाते हैं, इसलिए भगवान राम भी उनको भूल चुके हैं। अब उनकी नैया कभी पार नहीं होगी। उन्हें कभी आगे नहीं बढ़ना। रामद्रोहियों के लिए अब कोई जगह नहीं। जो रामभक्तों पर गोली चला रहे थे, अब इन लोगों के लिए कोई जगह नहीं। राम सबके हैं, इसमें भेद नहीं। कुछ अवसरवादी राम को भूल जाते हैं। बाराबंकी में सीएम योगी ने मंच से पहले की सरकारों पर जमकर हमला बोला। कहा कि रामद्रोहियों के लिए अब कोई जगह नहीं बची। बाराबंकी में सीएम योगी ने मंच से पहले की सरकारों पर जमकर हमला बोला। कहा कि रामद्रोहियों के लिए अब कोई जगह नहीं बची। योगी बाराबंकी में श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्रीरामार्चा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। यज्ञ मंडप में आहुति दी। इस दौरान संत बलराम दास ने मखाने और लावा की माला पहनाकर योगी का स्वागत किया।

## मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

### उपद्रवियों ने 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर फूंके, जिले में कर्फ्यू लागू

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी।

## पेंगुइन का दावा-नरवणे की किताब पब्लिश नहीं हुई..!

### पूर्व सेना प्रमुख ने पब्लिकेशन की पोस्ट शेयर की; राहुल बोले- कंपनी झूठ बोल रही या नरवणे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' पर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि किताब अभी तक प्रकाशित नहीं हुई। इसका कोई हिस्सा सार्वजनिक नहीं किया गया। कंपनी ने कहा कि पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई कॉपी आई है और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। इसके जवाब में राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा- या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन कंपनी। वहीं कंपनी के बयान को पूर्व आर्मी चीफ ने ङ्ग पर रीपोस्ट किया। उन्होंने लिखा- यह है बुक पर स्थिति। दरअसल, कंपनी की सफाई इसलिए आई क्योंकि किताब की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा सामने आया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। यह कार्रवाई अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन न्यूज फोरम पर मिली जानकारी के आधार पर की गई, जिसमें दावा किया गया था कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी सर्कुलेट हो रही है।

### राहुल बोले- कंपनी या आर्मी चीफ झूठ बोल रहे

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा के बाहर कहा- एमएम नरवणे ने ट्वीटर पर पोस्ट किया है, 'हेलो दोस्तों, मेरी किताब अब अवेलेबल है। लिंक फॉलो करें। हैप्पी रीडिंग'। या तो एमएम नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन झूठ बोल रहा है। मैंने आर्मी चीफ पर विश्वास करना चुना। उन्होंने आगे कहा कि क्या आप एमएम नरवणे के बजाय पेंगुइन पर विश्वास करेंगे? किताब में कुछ ऐसी बातें हैं जो सरकार के लिए असुविधाजनक हैं।

## एआई और डीपफेक पर सरकार का बड़ा एक्शन सोशयल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए आए ये न्यू रूल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित और डीपफेक सामग्री पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रही है। सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए आपत्तिजनक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना अनिवार्य कर दिया है और एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर लेबल लगाना भी अनिवार्य कर दिया है। संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों के तहत, प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई उपकरणों का उपयोग करके बनाई गई किसी भी सामग्री पर स्पष्ट और प्रमुख रूप से लेबल लगा हो। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को यह बताना होगा कि उनके द्वारा अपलोड की गई सामग्री एआई का उपयोग करके बनाई या संशोधित की गई है या नहीं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के लिए ये नए मसौदा संशोधन तैयार किए हैं। ये नियम केवल लेबल को ही लक्षित नहीं करते, बल्कि प्लेटफार्मों को स्वचालित उपकरणों का उपयोग करने के लिए और भी प्रेरित करते हैं जो अवैध, यौन शोषणकारी या भ्रामक एआई सामग्री को वायरल होने या जनता तक फैलने से पहले ही पकड़ कर रोक सकें। यह उस दुनिया में एक बड़ा बदलाव है जो कंटेंट और उसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स (जो पहले ट्विटर हुआ करता था) जैसे विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर करने पर आधारित है। एआई के बारे में पारदर्शिता बरतने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने से पहले, अब सुरक्षा के लिए कानून का दबदबा बढ़ रहा है; अब स्वैच्छिक खुलासा नहीं, बल्कि अनिवार्य पारदर्शिता ही एकमात्र विकल्प है।

### सरकार के नए नियम के बारे में

- एआई द्वारा निर्मित किसी भी सामग्री पर स्पष्ट लेबल होना अनिवार्य है या उसमें कृत्रिमता दर्शाने वाला मेटाडेटा होना चाहिए।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इन टैग्स को छिपाने या हटाने की अनुमति नहीं दे सकते—आईडी स्थायी होनी चाहिए।
- दृश्य सामग्री के लिए, लेबल छवि के कम से कम 10% भाग को कवर करना चाहिए, और ऑडियो या वीडियो के लिए, यह क्लिप के पहले 10% भाग के दौरान दिखाई देना चाहिए।
- इस तरह, लोगों को यह अनुमान लगाने की आवश्यकता नहीं होगी कि कोई सामग्री वास्तविक है या नहीं।
- आपत्तिजनक पोस्ट को चिह्नित किए जाने पर 3 घंटे के भीतर हटा दिया जाना चाहिए।

### आगे की सुरक्षा संबंधी जानकारी

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अब उपयोगकर्ताओं से यह पूछना होगा कि वे जो सामग्री अपलोड कर रहे हैं वह वास्तविक है या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा निर्मित। इसके बाद ही वे अपने सत्यापन उपकरणों के माध्यम से इन दावों की जांच करेंगे।
- स्वचालित प्रणालियों को अवैध या भ्रामक एआई सामग्री की जांच करनी होगी ताकि उसे प्लेटफॉर्म से हटाया जा सके।

## रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी : वॉट्सएप वॉइस नोट भेजकर करोड़ों रुपए की फिरौती मांगी



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को मंगलवार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी वॉट्सएप पर भेजे गए एक वॉइस नोट के जरिए दी गई है, इसमें आरोपी ने करोड़ों रुपए की फिरौती की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, धमकी मिलने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने रणवीर सिंह के बांद्रा स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यह घटना फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद आया है, इससे मुंबई पुलिस मामले में ज्यादा सजग है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे वॉइस नोट में आरोपी ने खुद को गंभीर अपराध से जुड़ा बताया है और बड़ी रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। पुलिस ने वॉइस नोट को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

# पीएम मोदी के विजन से मजबूत हुआ घरेलू व्यापार, बढ़ी वैश्विक पहचान : पीयूष गोयल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का व्यापार क्षेत्र तेजी से और ऐतिहासिक रूप से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि देश का घरेलू व्यापार पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है और साथ ही वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों के लिए नए अवसर खुले हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है।

### सीएआईटी प्रतिनिधिमंडल से की बातचीत

यह बात पीयूष गोयल ने ऑल इंडिया ट्रेडर्स कन्फेडरेशन (सीएआईटी) के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान कही। यह प्रतिनिधिमंडल सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में वाणिज्य भवन में उनसे मिला था। मंत्री ने कहा कि आज भारतीय व्यापारी केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते का जिक्र

पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में एक अहम अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिका जैसे बड़े बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी। अमेरिका का बाजार लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का माना जाता है।



### भारतीय व्यापार महोत्सव का होगा आयोजन

केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि सीएआईटी की ओर से 1 से 4 मई तक भारत मंडपम में 'भारतीय व्यापार महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'देशी सामान खरीदो और बेचो' के संदेश को देश और दुनिया तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### वैश्विक मंच पर दिखेगी भारत की व्यापारिक ताकत

पीयूष गोयल ने कहा कि यह बड़ा आयोजन भारत के व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्र की शक्ति और क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय व्यापार महोत्सव को इस तरह से आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे यह भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में सहायक साबित हो।

### राष्ट्रीय व्यापार आयोजन का विचार

मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित सीएआईटी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान उन्होंने ऐसे बड़े राष्ट्रीय व्यापार आयोजन का सुझाव दिया था, जिसे अब साकार किया जा रहा है।

### एमएसएमई और स्टार्टअप्स पर फोकस

बैठक के दौरान स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई), स्टार्टअप्स और कारीगरों को डिजिटल भुगतान, बड़े बाजारों तक पहुंच और व्यापारिक नेटवर्किंग के माध्यम से सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। पीयूष गोयल ने कहा कि ये सभी प्रयास प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' और 'लोकल टू ग्लोबल' विजन को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि देश के दूर-दराज क्षेत्रों के उद्यमियों को विशेष पहचान और अवसर दिए जाने चाहिए।




# सम्पादकीय

## साइबर ठगी पर सख्ती



सा इबर धोखाधड़ी और विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट के जरिये लोगों का पैसा हड़प करने के मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह सीबीआइ, बैंकों और रिजर्व बैंक के रवैये पर नाराजगी प्रकट की, उससे यही पता चलता है कि लोगों को ठगी से बचाने के लिए जो कुछ किया जाना चाहिए, वह नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी तो बहुत ही गंभीर है कि कई मामलों और खासकर डिजिटल अरेस्ट के मामलों में बैंक अधिकारी आरोपितों से मिले होते हैं और इसी कारण साइबर ठग लोगों की जमापूंजी आसानी से हड़प ले रहे हैं। इस टिप्पणी को निराधार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह देखने में आया है कि ठगी के जरिये इधर-उधर हस्तांतरित की गई रकम को जब्त करने के लिए बैंक समय पर कार्रवाई नहीं करते। समझना कठिन है कि जिन खातों से रकम इधर-उधर की जाती है, उनके खिलाफ बैंक तत्परता के साथ कार्रवाई क्यों नहीं करते? तत्परता का यह अभाव ही बैंकों की भूमिका पर सवाल खड़े करता है। यदि बैंक कर्मचारी सतर्क रहें तो साइबर फ्राड के मामलों पर एक बड़ी हद तक लगाम लग सकती है। बैंकों के पास ऐसा कोई सिस्टम होना ही चाहिए कि यदि किसी खाते से निकली राशि आनन-फानन एक के बाद एक कई अन्य खातों में स्थानांतरित हो रही हो तो वे उसका संज्ञान ले सकें। आम तौर पर ऐसा साइबर धोखाधड़ी के मामले में ही होता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की ओर से रिजर्व बैंक को ऐसे निर्देश देना आवश्यक हो गया था कि वह जिन खातों से धोखे से निकाला गया पैसा इधर-उधर किया जाता है, उन पर संबंधित बैंकों की जवाबदेही तय करे। आखिर अभी तक ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा था? चूंकि साइबर ठगी के मामलों में पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को तत्परता से कार्रवाई करना आवश्यक होता है और प्रायः इसमें ढिलाई देखने को मिलती है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को सीबीआइ को भी निर्देश देना पड़ा कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाए। देखना है कि ऐसा हो पाता है या नहीं, क्योंकि साइबर ठगी के मामले जिस तरह बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इसमें संदेह है कि सीबीआइ उन सबकी जांच करने में सक्षम होगी। स्पष्ट है कि पुलिस को भी साइबर ठगी के मामलों की जांच में समर्थ होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने साइबर ठगी रोकने के लिए गृह मंत्रालय, रिजर्व बैंक और टेलीकाम अथारिटी के बीच तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता जताई और इस संदर्भ में स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर पूरे देश में लागू करने के निर्देश दिए। अच्छा होता कि सरकार अब तक यह काम अपने स्तर पर ही कर लेती। वह इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकती कि डिजिटल धोखाधड़ी से 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हड़पी जा चुकी है। यह राशि कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 11 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1543 - इंग्लैंड और रोम के बीच फ्रांस के ख़िलाफ़ समझौता हुआ।
- 1613 - मुग़ल शासक जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत में कारखाना लगाने की अनुमति दी।
- 1720 - स्वीडन तथा ईरान के बीच शांति समझौता।
- 1793 - ईरान की सेना ने नीदरलैंड के वेनलो पर क़ब्ज़ा किया।
- 1794 - यूनाइटेड स्टेट्स की सीनेट का सेशन पहलीबार आम जनता के लिए खोला गया।
- 1798 - फ्रांस ने रोम पर कब्ज़ा किया।
- 1814 - यूरोपीय देश नॉर्वे ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1826 - लंदन यूनिवर्सिटी की स्थापना 'यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन' के नाम से की गई।
- 1889 - जापान में संविधान लागू हुआ।
- 1916 - एमा गोल्डमैन को बर्थ कंट्रोल पर भाषण देने के लिए गिरफ़्तार किया गया।
- 1919 - फ्रेडरिक एबर्ट जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गये।
- 1922 - चीन को स्वतंत्रता दिलाने के लिए नौ देशों ने वाशिंगठन में एक संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1929 - लैटर्न संधि के तहत स्वतंत्र बेटिकलन सिटी की स्थापना हुई।
- 1933 - गांधी जी के हरिजन वीकली का प्रकाशन शुरू हुआ था।
- 1942 - प्रसिद्ध समाजसेवी जमनालाल बजाज का निधन।
- 1944 - जर्मन सेना ने इटली के अप्रिलिया पर दोबारा क़ब्ज़ा किया।
- 1953 - सोवियत यूनियन ने इजरायल के साथ राजनीतिक संबंध समाप्त कर लिये।
- 1959 - भारतीय क्रिकेटर वीनू मांकड ने अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ दिल्ली में खेला।
- 1963 - अमेरिका ने इराक की नयी सरकार को मान्यता दी।

# आरपीएससी में नया पारदर्शी सिस्टम लागू

विशेष आलेख

### नया भरोसा, नया हिसाबः आरपीएससी में नंबर सार्वजनिक युवाओं को जवाबदेही का उपहार







डॉ नयन प्रकाश गांधी

रा जस्थान में भर्ती परीक्षाओं से जुड़े लाखों अभ्यर्थियों के लिए हाल ही में एक अत्यंत सराहनीय एवं युवाओं के हितार्थ महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है,जो भजनलाल सरकार की युवाओं के प्रति स्पष्ट ,दूरदर्शिता एवं निष्ठावान लोक नीति निर्माण को इंगित करता है ।मुख्यमंत्री स्वय चाहते है कि लोक नीति निर्माण ,प्रबंधन ,मूल्यांकन ,विश्लेषण हेतु योग्य प्रतिभाशाली ,कर्मठ ,ईमानदार युवा चयनित हो जो राज्य के विकास के लिए आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि भजनलाल सरकार के नेतृत्व वाली डबल इंजन की यह सरकार पूरे मंत्रिमंडल को एक पारदर्शी तरीके से कंट्रोल किये हुए है ,यह सब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विधायक की अंतिम लाइन में बैठे आम जनप्रतिनिधि की निकली पर्ची का कमाल है कि पर्ची वाली सरकार आज युवाओं के हित में ताबड़तोड़ ऐतिहासिक फैसले ले रही है जो न रील ,या फाइल में है बल्कि वास्तविक रियल धरातल पर उसके प्रभाव दिखने शुरू हो गए है ,आज लाखों युवा निर्भीक होकर तल्लीनता से तैयारी कर रहे है । भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल में ऐसे कोई भ्रष्टित मंत्री नहीं है जो सिफारिश काल पर अपने चेहते के आरएएस जैसे प्रतिष्ठित परीक्षा में साक्षात्कार में अयोग्य अभ्यर्थियों या अपने अपनों रिश्तेदारों के अंक बड़ा सके ,यह सब डबल इंजन की सरकार के बेहतर समन्वित प्रयासों का परिणाम है । डॉ गांधी का मानना है कि यह राजनीतिक विषय नहीं अपितु मनुष्य जीवन में उच्च पदों पर पदस्थ मंत्रियों ,सरकार की कर्तव्य निष्ठा का प्रश्न है कि उच्च पदों पर विराजमान व्यक्ति अधिकारी मंत्री गण निष्पक्ष ईमानदारी से तंत्र को चलाए न कि उसमें अवरोध पैदा करे और भ्रष्ट आचार करे आज लगभग राजस्थान से भ्रष्टाचार खत्म सा हो गया है यह सब भजनलाल सरकार का उच्च कोटि का क्रियान्वयन है ,जिसे आज हर कोई पचा नहीं पा रहा है ।भजनलाल शर्मा ने हाल ही में विधानसभा में विपक्ष को आड़े हाथों लेकर कहा में अगर दिल्ली जाता हु तो कुछ न कुछ युवाओं आम जन हित में फैसले ,जन हितैषी प्रोजेक्ट ,जमीनी धरातल पर पूरे किए जा सकने वाले प्रोजेक्ट लाता हु ,में राजस्थान की जनता की सेवा के लिए अधिकाधिक कार्य के लिए दिल्ली जाता हु ,यह भजनलाल सरकार की कार्य निष्ठा ,ईमानदार व्यक्तव्य को दर्शाता है ,जो कि आज राजस्थान में धरातल पर दिख रहा है ,एक से एक बड़े फैसले लेना और पूरा मंत्रिमंडल को बिना किसी प्रतिरोध के संभालना केवल और केवल डबल इंजन सरकार का परिणाम है । अभी हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ने राज्य की सभी भर्ती परीक्षाओं में सफल उम्मीदवारों के मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के अंक सार्वजनिक करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिसकी शुरुआत आरएएस-2023 से की जा चुकी है। यह कदम केवल एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि उत्तरदायी शासन और निष्पक्ष प्रक्रिया की दिशा में एक बड़ा मोड़ है। पुरानी व्यवस्था में अभ्यर्थियों को अपने व्यक्तिगत अंकों की जानकारी पाने के लिए लंबी प्रक्रियाओं और समय-समय पर अनुरोधों का सहारा लेना पड़ता था। अब वेबसाइट पर अंक स्पष्ट रूप से उपलब्ध होने से अभ्यर्थी अपनी तैयारी, विषय-वार प्रदर्शन और परिणाम को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

**पारदर्शिता से बढ़ेगा विश्वास ,हर वर्ग के योग्य युवा होंगे लाभान्वित**

पारदर्शिता भर्ती प्रक्रिया की वैल्यू को स्पष्ट करती है। अंक सार्वजनिक होने से न सिफर्. चयन प्रक्रिया के प्रति युवाओं का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि सिस्टम में जवाबदेही और जवाबदेही की भावना भी मजबूत होगी। इससे भर्ती परिणामों पर उठने वाले सवालों और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी और पारदर्शिता के नए मानक स्थापित होंगे।

पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि अब उम्मीद की जाती है कि आयोग को आगे उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के वर्तमान तौर-तरीकों, आंसर-की प्रक्रिया और फीडबैक मैकेनिज़्म में भी ऐसे सुधार लाने की आवश्यकता है जिससे लाखों अभ्यर्थियों की तैयारी और मेहनत को योग्य परक मौका मिल सके और उनका अंतिम चयन पारदर्शिता से सुनिश्चित हो सके ।भजनलाल सरकार जिस त्वरित माध्यम से युवाओं के हित में ताबड़तोड़ फैसले ले रही है उससे लगता है वह दिन दूर नहीं जब उच्च स्तर पर योग्य प्रतिभावान युवा हर वर्ग जाती सम्प्रदाय के सत्यनिष्ठ ऊर्जावान युवा पदस्थ होंगे ,इससे पूरे तंत्र में पारदर्शिता स्वत आएगी ,क्योंकि किसी भी राज्य के शासन में जब पारदर्शिता से सक्रियता आती है तो सम्पूर्ण नीति प्रबंधन में सुधार आता है ।

**युवाओं के लिए सीधा फायदा**

इस फैसले का सीधा लाभ अभ्यर्थियों को मिलेगा,अब उन्हें अपने परिणाम को समझने के लिए इंतज़ार या लंबी प्रक्रिया नहीं करनी पड़ेगी ।वे देख सकेंगे कि किस विषय में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया और किस में सुधार की आवश्यकता है ।चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता से भर्ती परीक्षा के प्रति आशंकाएँ कम होंगी और प्रतियोगिता का माहौल और निष्पक्ष बनेगा। इस सकारात्मक पहल के संदर्भ में वर्तमान अभ्यर्थियों का यह भी कहना है कि अंक सार्वजनिक होने से वे अपनी कमजोरियों को समझ कर अगली परीक्षा की तैयारी बेहतर तरीके से कर पाएंगे, जो किसी भी प्रतियोगी परीक्षा-प्रक्रिया का मूल उद्देश्य होना चाहिए ।सरकारी भर्ती व्यवस्था में बदलाव का बड़ा संकेतराजस्थान सरकार का यह निर्णय सुशासन के उस स्पष्ट लक्ष्य को दर्शाता है जिसमें नियमों की सख्ती के साथ जवाबदेही और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी गई है।

# कभी चहल-पहल का केंद्र, आज कचरे का अंबार

### बाल मंदिर स्कूल के पीछे स्थित केंद्र की दुर्दशा पर एक कटु सवाल



अनिल सिखवाल, ब्यावर

*सबसे पीड़ादायक स्थिति यह है कि आसपास के मकानों में रहने वाले लोगों को रोज़ उस कूड़े-करकट की दुर्गंध सहनी पड़ रही है स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण—तीनों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।*

ब्यावर,कभी बाल मंदिर स्कूल के पीछे स्थित यह केंद्र सुबह-शाम की चहल-कदमी से जीवंत रहता था युवा दौड़ लगाते थे, बुजुर्ग सैर करते थे, बच्चों की खिलखिलाहट से पूरा परिसर गूंज उठता था वह स्थान केवल एक मैदान नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन की धडक़न हुआ करता था आज वही केंद्र पहचान खो चुका है जहाँ कभी कदमों की आहट होती थी, वहाँ अब कचरे के कुंड नजर आते हैं चारों ओर बिखरा कूड़ा-कचरा, उड़ती प्लास्टिक व पॉलीथिन, और मैदान पर डेरा जमाए आवारा पशुओं के झुंड—मानो यह केंद्र अपनी बदहाली पर खुद रो रहा हो। सबसे पीड़ादायक स्थिति यह है कि आसपास के मकानों में रहने वाले लोगों को रोज़ उस कूड़े-करकट की दुर्गंध सहनी पड़ रही है स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण—तीनों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। प्रश्न यह नहीं है कि यह हाल कैसे हुआ,प्रश्न यह है कि अब तक सुध क्यों नहीं ली गई ?क्या यह नगर प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं कि सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित और स्वच्छ रखा



जाए ?क्या जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों की संवेदनाएं इतनी कुंद हो चुकी हैं कि उन्हें यह दुर्दशा दिखाई ही नहीं देती? यह केंद्र आज केवल उपेक्षा का शिकार नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का जीवंत उदाहरण बन चुका है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाली पीढियां केवल किस्सों में ही सुनेंगी कि यहाँ कभी सुबह-शाम जीवन की रौनक हुआ करती थी अब आवश्यकता है केवल आश्वासनों की नहीं,बल्कि तत्काल सफाई, स्थायी समाधान और जिम्मेदार निगरानी की क्योंकि यदि आज भी हम चुप रहे,तो कल यह सवाल और तीखा होगा इस दुर्दशा का दोष आखिर किसे दिया जाए?

**खो गई वह रौनक, बिखर गई वह मुस्कान**

बाल मंदिर स्कूल के पीछे का वह मैदान, जो कभी क्षेत्र की धडक़न हुआ करता था, आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। वह स्थान जो कभी युवाओं की ऊर्जा, बुजुर्गों की मंत्रणा और बच्चों की बेपरवाह दौड़ का साक्षी था, आज कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुका है। जहाँ कभी सुबह की ताजी हवा सुकून देती थी, आज वहां से गुजरने पर अपनी नाक सिकोडऩी पड़ती है।

**कचरे का 'कुंड' और प्रशासन की चुप्पी-**

आज स्थिति यह है कि खेल केंद्र के चारों ओर प्लास्टिक और पॉलीथिन का साम्राज्य है। हवा के हर झोंके के साथ उड़ती गंदगी यह बताने के लिए काफी है कि स्वच्छता के बड़े-बड़े दावे इस मैदान की दहलीज तक आते-आते दम तोड़ देते हैं।

गंदगी का अंबार- चारों ओर कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे उठने वाली दुर्गंध ने आसपास के निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### निस्वार्थ स्नेह



उस शाम मैं जब विश्वविद्यालय से घर पहुंची तो बच्चे कुछ रहस्य छुपाये हुए से लगे, कहने लगे कि एक चीज़ दिखानी है। डरते -डरते उन्होंने मुझे वह चीज दिखाई ......क्या चीज थी वह चीज़! हमारे मि्ू के पिंजरे में बंद एक चिडिया। मि्ू तो कब का आज़ाद हो चुका था, और किसी पंछी का पिंजरे में कैद होना मुझे अच्छा नहीं लगा, सो बच्चों को जिसका डर था वही हुआ बहुत डांट पड़ी । तीन घंटे से बंद पंछी को आँगन में लाया गया और जैसे ही उसे खोला गया, वह चीं- चीं करता आँगन की नीची दीवार पर बैठ गया ........... आश्चर्य !! उसकी आवाज सुनते ही पल भर में आस-पास के पेड़ों पर छिपे उसके भाई-बन्धु आ गए और उसे अपने साथ ले गए, क्या विश्वास किया जा सकता है कि वे तीन घंटे से उसकी प्रतीक्षा कर रहे थे । हम मनुष्य तो विश्वास नहीं कर सकते क्योंकि ऐसा निस्पृह स्नेह, लगाव व भाईचारा हम मनुष्यों में परस्पर कहाँ देखने को मिलता है।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# खाली पेट पिएं भिंडी का पानी, डायबिटीज से वजन घटाने तक इन बीमारियों से मिलेगा छुटकारा

1. डायबिटीज (रक्त शर्करा) पर नियंत्रण डॉ. शिल्पा अरोड़ा के अनुसार, भिंडी के पानी में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को धीमा कर देता है, जिससे भोजन के बाद शुगर लेवल अचानक नहीं बढ़ता। डायबिटीज रोगियों के लिए यह एक प्राकृतिक उपचार की तरह काम करता है।

2. पाचन तंत्र के लिए वरदान- भिंडी में मौजूद चिपचिपा फाइबर आंतों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। सुबह-सुबह इसका पानी पीने से कब्ज की समस्या जड़ से खत्म होती है। एसिडिटी और पेट की जलन कम होती है और यह आंतों की सूजन को ठीक कर पाचन क्रिया को सुचारू बनाता है।

3. वजन घटाने में मददगार -अगर आप बढ़ते वजन से परेशान हैं, तो भिंडी का पानी आपका सबसे अच्छा दोस्त बन सकता है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और फाइबर की अधिकता के कारण आपको लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होने देता, जिससे वेट लॉस की प्रक्रिया तेज हो जाती है।

4. कोलेस्ट्रॉल और हृदय स्वास्थ्य- भिंडी का पानी खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक है। इसमें मौजूद पेक्टिन हृदय की धमनियों को स्वस्थ रखता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है।

5. रोग प्रतिरोधक क्षमता और चमकदार त्वचा -विटामिन-ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर भिंडी का पानी इम्युनिटी को मजबूत करता है। डॉ. शिल्पा अरोड़ा के अनुसार, यह शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपकी मेहनत देखकर आपके बॉस काफी खुश होंगे और आपके प्रमोशन को लेकर भी बातचीत हो सकती है। प्रॉपर्टी के लेनदेन में आपको थोड़ी देखभाल करनी होगी।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको रुका हुआ धन मिलने से खुशी होगी। आप अपने बिजनेस में भी कुछ योजनाओं पर अच्छा खासा धन लगाएंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को पूरा करने की आवश्यकता है। यदि आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आए।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी अपने किसी सहयोगी से कहीसुनी होने की संभावना है। आपको अपने पिताजी के कोई बात बुरी लग सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपका कोई लिया गया निर्णय आपकी समस्याओं को बढ़ा सकता है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए प्रॉपर्टी के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। आप किसी बिजनेस डील को लेकर भी आज कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

**तुला**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उन्हें कोई मनपसंद काम मिलेगा, जिससे उन्हें खुशी होगी और भाई बहन भी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। परिवार में आप वरिष्ठ सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपके चेहरे का तेज भी अनोखा रहेगा। आप जीवनसाथी की नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलने की आवश्यकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे और यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी समय रहते पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजर अंदाज करने से बचना होगा। आपको किसी परिजन की कोई बात बुरी लग सकती है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे और किसी नई नौकरी की भी प्राप्ति आपको हो सकती हैं। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा।

# भदलावःशिक्षक बने भामाशाह, अब फर्नीचर पर बैठेंगे विद्यार्थी




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम के शैक्षिक नवाचार 'भविष्य की उड़ान' अभियान से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भदलाव में शिक्षकों ने भामाशाह बनकर विद्यालय विकास में सराहनीय योगदान दिया है। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक किरोड़ी लाल मीना, उप-प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार, व्याख्याता बबीता मीना तथा अध्यापक सीमा मीना एवं श्याम जाट के सहयोग से 50 हजार रुपये का चेक जिला कलक्टर की उपस्थिति में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा) दिनेश कुमार गुप्ता को प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना के माध्यम से पूर्व में भी विद्यालय में ऑटोमेटिक घंटी, वाटर कूलर, प्रिंटर, पंखे, अलमारी तथा फर्श सहित विभिन्न भौतिक सुविधाओं का विकास किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय युवाओं द्वारा लगभग 30 हजार रुपये की लागत से विद्यालय परिसर में टीनशेड का निर्माण करवाकर सहयोग प्रदान किया गया। जिला कलक्टर काना राम ने विद्यालय में हो रहे सकारात्मक बदलावों की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में जनसहभागिता को और अधिक बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसारिया, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) हरकेश लाल मीना, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना एवं चन्द्रमोहन गौत्तम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएचसी का औचक निरीक्षण :अनुपस्थित चिकित्सक के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** उपखण्ड अधिकारी गौरव कुमार मित्तल ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) कुश्तला का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति, दवा उपलब्धता, जांच सुविधाओं, टीकाकरण व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति का विस्तार से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. गार्गी बंसल पीजी अध्ययन हेतु मुख्यालय से बाहर होने के कारण अनुपस्थित पाई गईं। इस पर उपखण्ड अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल वैकल्पिक चिकित्सक की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को उपचार में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

एसडीएम ने फार्मासिस्ट से दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए स्टोर रूम का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रयोगशाला में उपलब्ध जांच सुविधाओं के संबंध में लैब असिस्टेंट से जानकारी ली गई। टीकाकरण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान एएनएम भारती बैरवा द्वारा संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# टोंक में आयुष आरोग्य मेले का आयोजन; निःशुल्क चिकित्सा और परामर्श की मिलेगी सुविधा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** राजस्थान सरकार के आयुष विभाग द्वारा निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से टोंक जिले में 13 फरवरी से 16 फरवरी तक गांधी खेल मैदान टोंक में भव्य आयुष आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस 4 दिवसीय मेले में नि:शुल्क आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विभिन्न रोगों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा. आयुष आरोग्य मेले के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने किया। इस दौरान आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक राम सहाय बैरवा, डॉ. नरेश जोशी, डॉ.धर्मराज मीणा, डॉ. प्रमोद जोनवाल डॉ.लोकेंद्र गुप्ता, नंदलाल गुर्जर आदि उपस्थित रहे। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक राम सहाय बैरवा ने बताया कि आयुष मेले में अग्नि कर्म, कपिंग थेरेपी, क्षार सूत्र चिकित्सा, पंचकर्म, जलौका, विद कर्म, स्त्री रोग, नशा मुक्ति, न्यूरोपैथी जैसी विशिष्ट आयुष विधियों का प्रदर्शन और उपचार उपलब्ध होगा। साथ ही रोगियों को जांच के पश्चात विभाग की ओर से नि:शुल्क औषधियां वितरित की जाएगी। आमजन को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिदिन योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, आयुष औषधियों एवं ,स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदर्शनी, काढ़ा वितरण, स्वर्ण प्राशन संस्कार एवं सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।

# लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष एवं स्वस्थ संवाद जरूरीः पायलट

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की जयंती पर टोंक में तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता सामग्री वितरण शिविर प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (पुरूषोतम जोशी)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि हम सभी के मन में यह भाव रहता है कि गरीब, असहाय लोगों की मदद किस प्रकार से की जाये परन्तु कई बार यह भावना मूर्त रूप नहीं ले पाती। बहुत ही कम लोग ऐसे होते हैं जो इस भावना को साकार रूप प्रदान करते है। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ऐसी ही एक संस्था है जिसने अनेकों अक्षम लोगों को अपने पैरों पर खड़ा कर मुख्य धारा से जोडने का काम किया है।



पायलट ने मंगलवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं किसान नेता स्व. राजेश पायलट की जयंती पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से टोंक में आयोजित ''निःशुल्क दिव्यांग सामग्री वितरण शिविर'' के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त विचार रखें। कार्यक्रम श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक पद्म भूषण डॉ. डी.आर. मेहता सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्व. राजेश पायलट को याद करते हुए उन्होंने कहा कि स्व. पायलट साहब ने अपने जीवन में ऐसी छाप छोड़ी है कि एक गरीब परिवार का व्यक्ति जिसके पास कुछ ना हो, वो अपनी मेहनत और लगन से बहुत ऊचाईयां हासिल कर सकता है। उन्होंने सदैव यह सीख दी कि जिनके बीच हम रहते हैं, जो लोग हमसे जुड़े हुए हैं, उन्हें हमेशा साथ लेकर बढना चाहिए। एक पुरानी कहावत है 'जिस पेड़ की जड़े गहरी नहीं होती, वह ऊंचा नहीं उठ सकता'। उनकी सोच थी कि शिक्षित एवं समझदार लोग राजनीति में आगे आये और जनसेवा को प्राथमिकता दें। मुझे खुशी है कि स्व. राजेश पायलट जी की जयंती पर आज हम इस शिविर के माध्यम से कुछ लोगों की मदद कर पाये है। पायलट ने कहा कि अलग-अलग विचारधारा के लोग चुनाव लड़ते हैं। परन्तु आज चुनाव लड़ता, प्रतिस्पर्धा होना नफरत में तब्दील होता जा रहा है। एक-दूसरे में प्रति राजनीति में जो घृणा पैदा हो गई है, जो तनाव पैदा हो गया है, वो कोई शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र में यदि सब दुश्मन बन जायेंगे तो सहमति कैसे बनेगी। आज जो संसद में हो रहा है, इससे सभी भली-भांति परिचित है। हमारे लोकतंत्र की परम्परा रही है कि आलोचना करना, आईना दिखाना, सवाल पूछना, मापदण्ड तय करना, जिम्मेदारी तय करना यह विपक्ष का काम रहा है। मजबूत विपक्ष स्वस्थ लोकतंत्र की बहुत बड़ी जरूरत है। लेकिन आज जो टकराव एवं दमन की राजनीति उत्पन्न हो गई है, यह लोकतंत्र में सही नहीं है। उल्लेखनीय है 10 फरवरी से 12 फरवरी तक चलते वाले इस तीन दिवसीय शिविर में दिव्यांजनों को कृत्रिम हाथ-पैर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी, कैलिपर्स, सामान्य ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर एवं वॉकर का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

# माननीयो के पूर्व लगते ही दिखाई देने लगे दिन में तारे

## खिसकती सियासी जमीन के चलते उडऩे लगे होश

बढ़ता राजस्थान



**मालपुर(नि.स.)।** नगरपालिका मालपुरा के निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने के साथ अब तक पालिका के सर्वे सर्वा समझने वाले माननीयो के पूर्व लगते ही दिन में तारे दिखाई देने के साथ-साथ खिसकती सियासी जमीन से होश भी उडऩे लगे। नगरपालिका मालपुरा के निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया। ऐसा होते ही चेयरमेन सहित सभी माननीय पार्षदो के पूर्व लग गया। पूर्व लगने से पूर्व तक पालिका के पार्षद अपने आपको पालिका का सर्वे सर्वो मान कर चल रहे थे। सुबह कार्यालय खुलने से पूर्व ही कार्यालय में आकर जमा होना, दिन भर आने जाने वालो पर नजरे रखना, पालिका के हर काम पर कड़ी नजर रखना व अधिकारियो के चेम्बर में हर समय बैठे रहना और हर प्रशासनिक कार्यो में दखलदांजी करना आम बात हो गई थी। कई पार्षद तो अपने घरो के कामकाज छोडक़र केवल अपनी पार्षदी का रोब झाड़ की काम करवाने की जुगत में रहते थे। पालिका के हाल में, अधिकारियो और कर्मचारियो के कमरो मे रहकर हर कागज व पत्रावली पर नजर रखना ही इन कतिपय पार्षदो का काम रहा है। इसके अलावा कुछ पार्षद तो आम जन से पालिका से सम्बन्धित कार्य करवाने तक की दलाली करने लग गए थे। साथ ही अधिकारियो व कर्मचारियो पर नाजायज दबाव बना कर व डरा धमका कर नियम विरूद्ध काम करवाना कतिपय पार्षदो की आदत सी बन गई थी। शहरी क्षैत्र के लोग तो यहाँ तक कहने लग गए थे कि पालिका के कुछ पार्षदो के पास तो अन्य कोई काम नहीं होने से पार्षदी के पद को ही आय का साधन मान चुके थे। कतिपय पार्षद तो अपने आपको पालिका के कर्मचारी होने जैसा ही दिखाते रहते थे। इतना कुछ होने के बाद भी कतिपय पार्षदो के पास विगत पांच साल के अपने पार्षदी कार्यकाल की आम जन को उपलब्धियां बताने को कुछ नहीं है। अब जब निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो गया। पालिका के सभी जनप्रतिनिधियो के पहले पूर्व लग गया तो अब इनको दिन में तारे दिखाई देने लगे। अपनी खिसकती सियासी जमीन को बनाए रखने की सोच में ही डूबे रहना इन पूर्व माननीयो का मुख्य कार्य रह गया है। पूर्व माननीय अब जब पालिका कायार्लय में प्रवेश से कतराते हैं तो कार्यालय के पास ही स्थित एक चाय की थड़ी पर बैठकर हर आने जाने वालो पर रखने लगे हैं। अब पूर्व माननीयो के हालात ऐसे हो गए हैं जैसे जब चिडिया चुग गई खेतो अब पछताने से क्या होगा। माननीयो के पूर्व लगने के साथ ही आम जनता भी इनसे सवाल जवाब करने लगी है। अब तक सामने आने से कतराने वाली जनता अब आमने सामने होने को तैयार बैठी है और जैसे ही चुनावो में मतदान का समय आएगा वैसे ही इन पूर्व माननीयो को ऐसा करारा जवाब मिलेगी कि ये पूर्व माननीय ऐसे जवाब के बारे में सोचा भी नहीं होगा।

# समीक्षा बैठकः उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में संचालित 10 पीएमश्री विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पीएमश्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, भौतिक संसाधनों तथा आगामी सत्र की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने सभी विद्यालयों को आगामी शैक्षणिक सत्र में नामांकन में न्यूनतम 10 प्रतिशत वृद्धि सुनिश्चित करने तथा बालवाटिका की रिक्त सीटों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार के लिए निर्धारित सभी मानकों पर विशेष ध्यान देने तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा।

बैठक में विद्यालयों के खेल मैदानों को उपयोगी बनाने, पूर्व विद्यार्थियों एवं भामाशाहों का सहयोग लेकर विद्यालयों के नवीनीकरण, तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त राशि का छात्र-छात्राओं के हित में शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न नवाचारों, ओआरएफ एवं सीबीए आधारित मूल्यांकन के माध्यम से पीएमश्री विद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं भौतिक वातावरण विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसारिया, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा) दिनेश कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) हरकेश लाल मीना, कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रमोहन शर्मा, हेमराज मीना सहित सभी पीएमश्री विद्यालयों के संस्थाप्रधान उपस्थित रहे।

# रणथंभौर बाघ परियोजना की पहलः शिक्षा स्तर सुधार को मिल रहा नया संबल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर बाघ परियोजना द्वारा वन क्षेत्र से सटे ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र निदेशक रणथंभौर बाघ परियोजना शारदा प्रताप सिंह तथा उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक मानस सिंह के निर्देशन में निकटवर्ती राजकीय विद्यालयों में शिक्षा सहयोगियों की नियुक्ति कर नियमित शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल के तहत वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नौ माह की अवधि के लिए रणथंभौर क्षेत्र के समीप स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरी, बसों कला, भूरी पहाड़ी, खिदरपुर जादौन तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय म्हारौ और भावपुर सहित चयनित विद्यालयों में सात शिक्षा सहयोगी कार्यरत हैं। वन विभाग के अनुसार, पिछले दो वर्षों में भी आठ ग्रामीण विद्यालयों में नौ अस्थायी शिक्षा सहयोगियों के माध्यम से यह कार्यक्रम संचालित किया गया था। उप क्षेत्र निदेशक मानस सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को विकसित करना तथा स्थानीय युवाओं को शिक्षा से जोडक़र उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम से विद्यालयों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीण समुदाय को निरंतर सहयोग मिल रहा है और क्षेत्र में शैक्षणिक वातावरण मजबूत हो रहा है।

# बोर्ड का कार्यकाल समाप्त:कतिपय पार्षद साबित हुए काला अध्याय

बढ़ता राजस्थान

**मालपुर(नि.स.)।** नगरपालिका मालपुरा बोर्ड का कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया। लेकिन बोर्ड के इस पांच साल के कार्यकाल में कुछ पार्षद काला अध्याय साबित हुए।




स्वायत शासन विभाग के निर्देशानुसार शनिवार को नगरपालिका मालपुरा के निर्वाचित बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो जाने से अब प्रशासक के रूप में उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा कार्य देखेगें। नगरपालिका मालपुरा के इस निर्वाचित बोर्ड ने वैसे तो पांच साल पूरे किए। लेकिन इस पांच साल के कार्यकाल में चेयरमेन दो रहे। जिसमें कांग्रेस शासन काल के दौरान अदालती आदेशो के तहत भाजपा चेयरमेन को पद हटना पड़ा। इस दौरान पूर्व चेयरमेन आशा नामा ने चेयरमेन का पद संभाला था। लेकिन जैसे ही प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रदेश में सत्ता की बागडोर भाजपा के हाथो में आई तो नगरपालिका मालपुरा की निर्वाचित चेयरमेन का स्थायित्व काल शुरू हो गया। नगरपालिका मालपुरा के आम चुनाव जनवरी 2021 में हुए थे। तब प्रदेश में कांग्रेस का शासन था। प्रदेश में कांग्रेस का शासन काल होते हुए भी कुछ संगठन विरोधी गतिविधियो के चलते मालपुरा में भाजपा का चेयरमेन बना। चेयरमेन निर्वाचन में भाजपा को 20 व दूसरे स्थान पर रही कांग्रेस की चेयरमेन को 15 मत मिले। इसके दूसरे दिन उपाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। संगठन विरोधी गतिविधियो का खुलासा उपाध्यक्ष निर्वाचन में हुआ। तब कांग्रेस का उपाध्यक्ष निर्वाचित हुआ वो भी भारी बहुमत से। तत्समय आम जन की जुबान पर यही था कि कांग्रेस के पार्षद यदि संगठन विरोधी गतिविधियो में शामिल नहीं होते तो संभवतः नगरपालिका मालपुरा में कांग्रेस का ही चेयरमेन होता। बोर्ड के निर्वाचित होने के बाद कांग्रेस शासन में कथाकथित कांग्रेस के पार्षद ने भाजपा के पार्षदो के साथ सांठगांठ कर ऐसा खेल खेला कि न तो नगरपालिका के आवश्यक कामकाज हुए और न ही विकास हो सका। लेकिन जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ तो कथाकथित कांग्रेस के पार्षद के साथ भाजपा के ही कथाकथित पार्षदो ने मिलीभगत कर नगरपालिका मालपुरा का बेड़ा गर्क किया। भाजपा के कथाकथित पार्षदो कांग्रेसी पार्षद के मिलकर ऐसा खेल खेला कि विगत तीन साल का बोर्ड का कार्यकाल केवल ज्ञापनो एवं शिकायतों ही गुजर गया।

# राज्य का बजट आजःकरौली-हिण्डौन फोरलेन पर टिकी निगाहें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर / करौली (राकेश शर्मा)।** करौली-हिण्डौन फोरलेन को लेकर जिलेवासियों की उम्मीदें एक बार फिर राज्य बजट से जुड़ गई हैं। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में करौली-हिण्डौन मार्ग के फोरलेन निर्माण के लिए डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने के लिए 60 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। इसके तहत राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (आरएसआरडीसी) के परियोजना निदेशक द्वारा डीपीआर तैयार कराई जा चुकी है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 178.61 करोड़ रुपए है। यह डीपीआर उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी है।



अब क्षेत्रवासियों की निगाहें आगामी राज्य बजट पर टिकी हुई हैं, जिसमें इस महत्वपूर्ण सडक़ परियोजना के लिए राशि स्वीकृत होने की उम्मीद की जा रही है। वर्तमान में करौली-हिण्डौन मार्ग काफी संकरा है और इस पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। भारी यातायात के कारण सडक़ पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आमजन को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दुर्घटनाओं की स्थिति भी बनी रहती है।

यह मार्ग केवल स्थानीय यातायात के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उत्तरप्रदेश, गुजरात और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध तीर्थस्थल कैलामाता दरबार और करौली स्थित मदनमोहनजी मंदिर के दर्शन के लिए इसी मार्ग से होकर आते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण सडक़ पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर टोल वसूली भी की जा रही है, बावजूद इसके सडक़ की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसे में फोरलेन सडक़ का निर्माण होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि लंबे समय से करौली-हिण्डौन फोरलेन की मांग कर रहे हैं।

### डीपीआर को भी मिले हरी झण्डी

राज्य सरकार ने परिवर्तित बजट घोषणा 2024-25 में करौली-हिण्डौन मार्ग स्थित पांचना बड़े पुल पर फोरलेन के साथ उच्च स्तरीय पुल और बायपास निर्माण के लिए डीपीआर की घोषणा की थी। सार्वजनिक निर्माण विभाग करौली की ओर से डीपीआर तैयार कराकर 388.90 करोड़ के प्रस्ताव सरकार को भिजवाए जा चुके हैं। अब बजट में इन प्रस्तावों को भी हरी झण्डी मिलने का इंतजार है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के हाइवे पर लगातार वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। शहर में घनी आबादी क्षेत्र से हाइवे निकल रहा है। बायपास बनने यातायात का दबाव कम होगा।

### यात्रियों को मिलेगा फायदा

पांचना पुल पर हाई लेबल ब्रिज बनने से बड़ा फायदा मिल सकेगा। वर्तमान में महज 3 मीटर के पुल पर आवागमन के दौरान परेशानी होती है, प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है। वहीं यह क्षतिग्रस्त भी होने लगा है। पुल की चौड़ाई व सुरक्षा दीवारों की ऊंचाई कम है। ऐसे में यदि वाहन कभी अनियंत्रित हो जाए तो खतरे की आशंका बनी रहती है।

# उदयपुर से असारवा तक वंदे भारत ट्रेन 16 फरवरी से, सांसद डॉ रावत ने आभार जताया

**-सांसद डॉ रावत ने पिछले दिनों रेल मंत्री से की थी मांग**

**-यह ट्रेन अब आगे सूरत तक चलाने का प्रयास रहेगा**

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** भारतीय रेलवे ने आगामी 16 फरवरी से उदयपुर से अहमदाबाद के असारवा रेलवे स्टेशन तक नई वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की घोषणा कर दी है। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने उदयपुरवासियों को इस तोहफे के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विन वैष्णव का आभार जताया है। सांसद डॉ रावत ने कहा कि हम लगातार इसके लिए आग्रह कर रहे थे और पिछले दिनों रेल मंत्री ने इसके लिए आश्वासन भी दिया था। यह रेल अब आगे सूरत तक बढाने की संभावना भी बढ गई है।

इस हाईस्पीड ट्रेन के शुरू होने से उदयपुर व अहमदाबाद के बीच व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। यह ट्रेन उदयपुर से रवाना होकर सुबह डूंगरपुर, हिम्मतनगर होकर असारवा पहुंचेगी। इस वंदे भारत ट्रेन के शुरू होने से उदयपुर से अहमदाबाद और आगे वहां से मुंबई और दक्षिणी भारत से सीधी ट्रेन की कनेक्टिविटी मिलेगी। सप्ताह में छह दिन चलने वाली यह वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से सुबह 6.10 बजे रवाना होकर सुबह 10.25 बजे असारवा पहुंच जाएगी। इसी प्रकार वापसी में ये ट्रेन असारवा से शाम 5.45 बजे रवाना होगी जो रात 10 बजे उदयपुर पहुंच जाएगी। ट्रेन का स्टॉपेज रूट पर उदयपुर के जावर स्टेशन, डूंगरपुर स्टेशन और गुजरात के हिम्मतनगर स्टेशन पर होगा।

# पुलिस मुख्यालय में गूंजा लर्निंग का मंत्रः मोबाइल छोड़ किताबों से दोस्ती और व्यवहार कुशलता पर जोर

## दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन; 100 से अधिक कर्मियों ने सीखे टीम वर्क के गुर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पुलिस मुख्यालय में मिनिस्टीरियल स्टाफ की कार्यक्षमता और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। 9 और 10 फरवरी को आयोजित इस सत्र में पुलिस विभाग के लगभग 100 मंत्रालयिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जहाँ उन्हें फाइलों के प्रबंधन के साथ-साथ लोक व्यवहार की बारीकियां सिखाई गईं।

### एक्टिविटी के जरिए सीखीं प्रभाव डालने की कला

उप महानिरीक्षक पुलिस ट्रेनिंग शरद चौधरी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल व्याख्यान तक सीमित नहीं था, बल्कि पूरी तरह से एक्टिविटी बेस्ड रहा। मुख्य ट्रेनर शैलेंद्र सिंह चौहान मैट्रिक्स ट्रेनिंग सॉल्यूशन ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्टाफ को इन्फ्लुएंशियल स्किल्स (प्रभावशाली कौशल) के 6 सिद्धांतों से रूबरू कराया। इसमें यह सिखाया गया कि कैसे एक कर्मचारी अपने व्यवहार से सकारात्मक प्रभाव छोड़ सकता है और आपसी सामंजस्य बैठाकर एक टीम की तरह काम कर सकता है।

### डीजी अनिल पालीवाल का आह्वानः मोबाइल से दूरी, किताबों से नजदीकी

समापन समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस ट्रेनिंग अनिल पालीवाल ने अपने संबोधन में आधुनिक जीवनशैली और कार्यप्रणाली पर गहरा प्रहार किया। उन्होंने डिजिटल युग की चुनौतियों का जिक्र करते हुए विशेष आग्रह किया कि खाली समय में मोबाइल की स्क्रीन पर वक्त गंवाने के बजाय किताबों से नाता जोड़ें। ज्ञान की वृद्धि के लिए निरंतर पढ़ना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो कुछ आपने यहाँ सीखा है, उसे दफ्तर के काम में इम्प्लीमेंट करें।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन उप महानिरीक्षक पुलिस ट्रेनिंग शरद चौधरी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। यह सत्र पुलिस मुख्यालय और जयपुर स्थित मैट्रिक्स ट्रेनिंग सॉल्यूशन के आपसी समन्वय का परिणाम था। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने माना कि इस तरह के सत्रों से न केवल उनके काम करने का तरीका बदलेगा, बल्कि तनाव कम करने और टीम भावना बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

# शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा आवासीय विद्यालय

**भीमाना में निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय का शिलान्यास**



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी कार्य कर रही है। शिक्षा क्षेत्र में उत्थान के लिए कई घोषणाएं की है, जो लोगों को लाभ दे रही है। निष्क्रमणीय पशुपालकों के लिए अब पिण्डवाड़ा क्षेत्र में आवासीय विद्यालय की सौगात दी गई है, जो शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इससे पशुपालकों के बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे। वे भीमाना में निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा पर सभी को ध्यान देना चाहिए। सरकार कोई कमी नहीं रख रही है। आवासीय विद्यालय से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही शिक्षा क्षेत्र में भी प्रगति हो सकेगी। कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए वे पूर्ण प्रतिबद्ध है। विकास कार्यों के लिए आगे भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान विधायक समाराम गरासिया ने कहा कि क्षेत्र के पशुपालकों को इस विद्यालय से काफी लाभ मिलेगा। जिला प्रमुख अर्जुनराम, कसनाराम देवासी, भूपेंद्र देवासी सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया गया। वहीं, राज्यमंत्री के आगमन पर ग्रामीणों ने पुष्पवृष्टि से स्वागत किया। समारोह में उपखंड अधिकारी नरेन्द्रकुमार, भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह राठौड़, नरपतसिंह राणावत समेत कई लोग मौजूद रहे।

**इस तरह बनेगा विद्यालय**-पिण्डवाड़ा में वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा अनुसार माइग्रेटरी पशुपालकों के लिए निष्क्रमणीय पशुपालक बालक आवासीय विद्यालय की घोषणा की गई थी। इसके लिए 1895 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। विद्यालय में अनुमानित क्षमता 280 बालकों की रहेगी।

## मधुमक्खी पालन व शहद उत्पादन पर दिया प्रशिक्षण

**सिरोही ( नि.स. )।** कृषि विभाग की ओर से मधुमक्खी पालन व शहद उत्पादन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन पर जानकारी दी गई। उद्यान उप निदेशक डॉ. हेमराज मीना ने जिले में मधुमक्खी पालन की संभावना एवं अनुदान आदि पर बताया। वहीं, केवीके के डॉ. सुरेशकुमार खीची ने मधुमक्खी पालन का इतिहास एवं जीवन चक्र पर जानकारी दी। कृषि विभाग के डॉ. पन्नालाल चौधरी, डॉ. पवनकुमार बरडिया, डॉ. नेमाराम चौधरी, डॉ. सुरेशचंद मीणा, डॉ. सीताराम सिरवी, डॉ. प्रदीप सिंह राठौड़ समेत अन्य ने विचार व्यक्त किए। किसान जितेंद्रसिंह, राकेशकुमार नोगिया, कानसिंह चंपावत, भरतसिंह, किशोरकुमार, हीरालाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# एमडीएसयू प्राणीशास्त्र विभाग का गौरव सम्मान समारोह

## मेधावी विद्यार्थियों को 'आचार्य सुश्रुत' व 'ऋषि शालिहोत्र' सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के उपनिषद सभागार में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में 'प्राणीशास्त्र विभाग गौरव सम्मान' समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभाग के उन पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने राजकीय सेवा, उच्च शिक्षा, सहायक आचार्य पदों पर चयन प्राप्त किया या नेट, जेआरएफ तथा पीएचडी हेतु योग्यता अर्जित कर विभाग का नाम गौरवान्वित किया है।

विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र ने बताया कि राजकीय सेवा में चयनित विद्यार्थियों को प्राणीशास्त्र विभाग गौरव 'आचार्य सुश्रुत' सम्मान तथा नेट, जेआरएफ और पीएचडी के लिए योग्यता प्राप्त विद्यार्थियों को 'ऋषि शालिहोत्र' सम्मान प्रदान करने का नवाचार प्रारंभ किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इन सम्मानों का नाम भारतीय ऋषियों पर रखने से विद्यार्थियों का भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ाव भी सुदृढ़ होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से विभाग में सीएसआईआर-नेट आधारित पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है और वर्ष 2025 परीक्षा सत्र में विभाग के सात विद्यार्थियों ने एमएससी के साथ-साथ सीएसआईआर-नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की है।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों में इस प्रकार के नवाचार प्रारंभ किए जाने चाहिए, जिससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों की उपलब्धियों को समाज के सामने लाया जा सके। उन्होंने उपलब्धियों को सम्मानित करने तथा विद्यार्थियों को विभाग का एम्बेसडर बनाने वाली सुविधाएँ विकसित करने पर बल दिया। समारोह में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ अशोक गुप्ता, दिलीप शर्मा, अतिथि शिक्षक आशी भटनागर, कंचन जैन, दिनेश कुमार, पंकज यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ विवेक शर्मा ने तथा धन्यवाद डॉ. राजू शर्मा ने ज्ञापित किया ।

### इनको किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में स्नेहा किलका, हेमा कवर, समाराम देवासी, शिमला चौधरी और नेहा को प्राणीशास्त्र विभाग गौरव 'आचार्य सुश्रुत'सम्मान प्रदान किए। इसी प्रकार अरुण कुमावत, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद शकूर, आकाश लक्षकार, गीतिका पंवार, कनुप्रिया चौधरी, सुनीता, दीपिका, दीपेश, निकिता कुंडू, तारा गोरा, अर्पित मीणा और गार्गी सिंह को प्राणिशास्त्र विभाग गौरव 'ऋषि शालिहोत्र' सम्मान प्रदान किया गया।

# किसानों के भविष्य पर सौदा नहीं चलेगा : देवांश सिंह

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर श्वेत पत्र की मांग, कृषि हितों पर स्पष्टता जरूरी**

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर जारी राष्ट्रीय बहस के बीच कांग्रेस नेता एडवोकेट देवांश सिंह ने केंद्र सरकार से समझौते के सभी प्रावधान सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर कृषि, डेयरी या किसानों से जुड़े हितों से समझौता हुआ, तो यह करोड़ों किसानों के भविष्य के साथ अन्याय होगा।

देवांश सिंह ने कहा कि अमेरिका अपने किसानों को भारी सब्सिडी देता है, जिससे वहां के कृषि उत्पाद कम लागत में तैयार होते हैं। यदि आयात शुल्क में बड़ी कटौती या शून्य करने जैसे कदम उठाए गए, तो भारतीय बाजार सस्ते विदेशी उत्पादों से भर सकता है। इसका सीधा असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ेगा, जो पहले ही लागत, मौसम और बाजार की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने सरकार से स्पष्ट करने को कहा कि कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को किस प्रकार सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील का पूरा दस्तावेज सार्वजनिक किए बिना केवल दावों के आधार पर भरोसा करना उचित नहीं है। संसद और देश की जनता के सामने समझौते का विस्तृत विवरण रखा जाना चाहिए, ताकि किसानों और आमजन में व्याप्त आशंकाओं का समाधान हो सके।

देवांश सिंह ने हालिया घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25प्रतिशत अतिरिक्त दंडात्मक टैरिफ को हटाए जाने के साथ एक 'निगरानी तंत्र' स्थापित करने की बात सामने आई है, जो यह देखेगा कि भारत ऊर्जा आयात के संदर्भ में किन स्रोतों से खरीद करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रावधानों के बीच यह और भी आवश्यक हो जाता है कि सरकार पारदर्शिता बरते और देशहित से जुड़े सभी पहलुओं पर खुलकर जानकारी दे।

## ढाणी बागडाला में एमडीआर बदहाल गड्ढों, धूल और ओवरलोड वाहनों से राहगीर व विद्यार्थी परेशान

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के ढाणी बागडाला, वार्ड नंबर 01 से गुजर रहे एमडीआर मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और कई स्थानों पर कंक्रीट उखड़ जाने से मार्ग खतरनाक हो गया है। इस मार्ग से लगातार गुजर रहे ओवरलोड वाहनों के कारण दिनभर धूल-मिट्टी उड़ती रहती है। आसपास के स्कूलों में जाने वाले विद्यार्थी, पैदल राहगीर और दोपहिया वाहन चालक इस समस्या से खासे परेशान हैं। उड़ती धूल के कणों से सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं सड़क पर बने घुमावदार हिस्सों में उखड़ी सतह और गड्ढों के कारण बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं। स्थानीय निवासीयो ने बताया कि कई बार जिम्मेदार विभाग को अवगत करवाने के बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत, गड्ढों की भराई और ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है, ताकि आमजन और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

## मनोज स्वामी प्रदेश सचिव एवं रणजीत सिंह प्रदेश महासचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान





**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** एनएसयूआई राजस्थान में संगठनात्मक विस्तार के तहत प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने नई नियुक्तियों की घोषणा की है। जारी सूची में पावटा ब्लॉक के ग्राम जोधपुरा निवासी मनोज कुमार स्वामी को प्रदेश सचिव तथा चोबाला (मंढा) निवासी दाताराम उर्फ रणजीत सिंह चोबालपुरिया को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में विश्वास व्यक्त किया गया है कि दोनों युवा पदाधिकारी छात्र हितों की आवाज को मजबूती देंगे, संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त करेंगे और युवाओं को एनएसयूआई से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। नियुक्ति पर मनोज स्वामी और रणजीत सिंह ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर, जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रत्याशी अनिल चौपड़ा, युवा नेता ओपी बायला सहित पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए छात्र-युवा मुद्दों पर मजबूती से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# राजपूत महासभा संस्थान का 27 वां सामूहिक विवाह सम्पन्न

## सामूहिक विवाह समारोह बना सामाजिक एकता और सौहार्द का प्रेरणास्रोत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** 40 पण्डितों ने एक साथ मंत्रोच्चार फतहस्कूल का विशाल पाण्डाल ग्रूज उठा। जिसमें राजपूत महासभा संस्थान, उदयपुर संभाग द्वारा आयोजित 27 वें विशाल सामूहिक विवाह समारोह में 40 जोड़े शादी की सभी रस्में निभानें के बाद जीवन-साथी बनें।

फतहस्कूल में विवाह की रस्में सम्पन्न होने से पूर्व टाउनहॉल से 40 धोड़ी एंव 10 बग्गियों में वर-वधू बैण्ड बाजों की मधुर धुनों के साथ समाजजन नाचते-गाते टाउन हॉल से यह विशाल बिंदौली बापू बाजार, सूरपोल, चम्पालाल धर्मशाला मार्ग से होती हुई फतहस्कूल पंहुची। जहां सभी दुल्हों ने तोरण की रस्म सम्पन्न की। फतहस्कूल में सामूहिक विवाह में समाजजनों की मेला लग गया। सभी ने हर्षोल्लास के साथ सभी रस्मों में भाग लेकर अपनी सहभागिता निभायी।

### ऐसा रहा बिन्दोली और वर निकासी का नजारा

बिंदौली में 40 घोड़ों एवं 10 सुसज्जित बग्घियों में सवार दूल्हा-दुल्हन अपने नव दांपत्य जीवन के सुनहरे सपनों को संजोए, उल्लास और उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे। मार्ग के दोनों ओर खड़े उनके परिजन, रिश्तेदार, मित्र एवं शुभचिंतक लगातार शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते नजर आए। बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर समाजजन नाचते-गाते हुए इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।

इस अद्भुत और मनोहारी दृश्य को देखने के लिए

## 40 जोड़ें परिणय सूत्र में बंध जीवनसाथी बनें

मार्ग में स्थित दुकानदार एवं व्यवसायी भी अपना कार्य छोड़कर सड़क पर आ गए और विवाह बंधन में बंधने जा रहे वर-वधुओं को हाथ हिलाकर आशीर्वाद प्रदान किया। सभी दूल्हे घोड़ों पर सवार होकर बिंदौली का नेतृत्व कर रहे थे, वहीं उनके पीछे सजी-धजी बग्घियों में वधुएं चल रही थीं। यह दृश्य इतना भावपूर्ण और रोमांचकारी था कि मार्ग में मौजूद आमजन भी स्वयं को भावविभोर होने से नहीं रोक सके।

ऐसे हुई तोरण की रस्म

दोपहर 1 बजे विवाह स्थल पर तोरण रस्म विधिवत रूप से संपन्न हुई, जिसमें दूल्हा-दुल्हन के माता-पिता सहित सैकड़ों समाजजन और रिश्तेदार उपस्थित रहे और उन्होंने नवयुगलों को अपना स्नेह व आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात सभी वर-वधुओं ने क्रमशः तोरण की रस्म अदा की। तोरण द्वार पर एक साथ चार तोरण सजे हुए थे, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना एवं फूलों की आरती की गई।

### वरमाला के दृश्य को देखकर भावुक हुए सभी

तोरण के रस्म के पश्चात सभी दूल्हा दुल्हन को अपने नियत स्थान पर बैठाया गया एवं सबसे महत्वपूर्ण वरमाला की रस्म संपन्न हुई। इस रस्म के



दौरान दूल्हा दुल्हन के आगे वरमालाएं लेकर महिलाएं खड़ी रही। नियत समय पर जब दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे के गले में वरमाला पहनाई तो हर कोई भावुक हो गया। वरमाला से पूर्व सभी अतिथियों ने दूल्हा दुल्हन के पास जाकर उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान मेवाड़ के आराध्य भगवान श्री एकलिंग नाथ एवं चारभुजा नाथ के गगन भेदी जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेघराज सिंह रॉयल ने समाज की एकता पर बल देते हुए कहा कि अब हमें संगठित होकर आगे बढ़ाना है। हमारे रीति रिवाज, परंपराएं, रस्मे, हमारी सभ्यता हमारी संस्कृति को एक बार फिर पुनः जीवित करते हुए हमारी मूल प्रतिष्ठा को फिर से प्राप्त करना है। संस्थान अध्यक्ष संतसिंह भाटी ने बताया कि सभी वर-वधु के लिये उनके क्रमानुसार मंच पर बैठने की अलग व्यवस्था की गई। जहां दुल्हा-दुल्हन ने एक-दूसरे के गले में वरमाला डालकर इस कार्यक्रम को सम्पन्न किया।

# कपासन रीको एरिया की केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, फैक्ट्री के उड़े परखच्चे, इलाके में दहशत

## करीब आधे कि.मी. तक विस्फोट से हवा में उड़े लोहे के भारी भरकम चद्दर एवं एंगल







बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर पालिका क्षेत्र के रीको एरिया स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में सोमवार रात्रि अज्ञात कारणों के चलते अचानक हुवे भंयकर विस्फोट से आसपास के एरिया के निवासरत लोगों सहित क्षेत्रीय आमजन भययुक्त होकर सहम गया। मौके पर पहुंचकर प्रशासन द्वारा बड़ी मशक्कत बाद स्थिति को काबू में किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षेत्र में स्थित रीको एरिया में अज्ञात कारणों के चलते सोमवार रात्रि को भयंकर विस्फोट हो गया।फैक्ट्री में हुआ विस्फोट इतना तीव्र था कि फैक्ट्री के परखच्चे उड़ गये।जिससे फैक्ट्री के मलबे में लोहे के भारी भरकम चद्दर एवं एंगल करीब आधे किमी तक कागज की भांति हवा में उड़ गये।जो अलग अलग स्थानों पर जाकर गिरे।

### आधी किलोमीटर तक उड़े लोहे के चद्दर, देर रात धमाके से सहमा पूरा इलाका

गौरतलब है कि अज्ञात कारणों के चलते नगर कपासन में सोमवार रात्रि करीब 11.15 बजे तक हुवे तीव्र विस्फोट से यहां निवासरत एवं आसपास का आमजन सहम गया।विस्फोट से हवा में उड़े लोहे के चद्दर एवं एंगल के भारी भरकम बड़े एवं छोटे टुकड़े दूर-दूर पहुंचकर गिरे।जिससे कही खेत में तो किसी के घर के अंदर-बाहर लोहे के चद्दर एवं एंगल के भारी भरकम बड़े एवं छोटे टुकड़े जाकर गिरे। एकाएक रात्रि में अचानक हुवे तीव्र धमाके से आमजन भययुक्त होकर पूर्णतया सहम गया तथा रात्रि में लोग अपने आवास से बाहर आ गये। साथ ही केमिकल के बॉयलर का एक बड़ा हिस्सा पंचायत समिति कपासन के रिक्त पड़े भाग में गिरा। केमिकल फैक्ट्री में रखे बॉयलर का इतना तीव्र विस्फोट रात्रि के समय होने से क्षेत्र एक बड़ी जनहानि से बच गया।साथ ही घटनास्थल के आसपास के एरिया में स्थित लोगों के आवासीय स्थलों पर भी नुकसान के समाचार मिलते रहे। उक्त फैक्ट्री में हुवे विस्फोट की गूंज इतनी तीव्र थी कि लोगों को धरती कंप जैसा आभास हुआ एवं मकानों की दीवारे तक कंपन से प्रभावित हुई। यहां विस्फोट के उपरांत आग पर काबू पाने तक विस्फोट से चहुंओर एक गंध का संचार होता रहा।जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी होती रही। दमकल की टीमों द्वारा आग पर पूर्णतया काबू पाने के उपरांत लोगों को उक्त गंध के प्रभाव से राहत मिल सकी।

## दमकल और प्रशासन की बड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू, जांच शुरू

### अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया

इधर सोमवार रात्रि उक्त भंयकर विस्फोट की सूचना पर क्षेत्रीय एवं जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।साथ ही रात्रि में विस्फोट से लगी आग को दमकल टीमों द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद काबू में किया गया।

बहरहाल पुलिस प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाही हेतु मामला दर्ज किया गया है। जिसमे बताया गया कि 9 फरवरी सोमवार रात्रि के समय करीब 11.30 बजे जरिये टेलीफोन सूचना मिली कि पंचायत समिती कपासन के पिछे रीको इन्डीस्ट्रीज एरिया कपासन में स्थित मेहरून इन्डीस्ट्रीज (इंडिया) प्लॉट स्थित है।जिसमें केमिकल द्वारा मेडिसन (दर्द निवारक गोलियो का फार्मा) तैयार किया जाता है।यहां केमीकल में बॉयलर फटने के कारण आगजनी एवं बॉयलर कही दुर जाकर गिरने से मानव जीवन को संकट उत्पन्न हुआ है। प्लॉट मालिक मोहम्मद साजिब पिता मोहम्मद सलीम जाति छिपा मुसलमान उम्र 29 साल निवासी बूंदी रोड़ छिपा मोहल्ला चितौडगढ द्वारा अपने उक्त प्लॉट में विस्फोटक पदार्थो के साथ लापरवाही बरतने एवं विस्फोटक पदार्थो को गलत तरीके से रखना पाया जाने से उक्त घटना हो मानव जीवन पर संकट उत्पन्न हुआ है।पुलिस प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कर उक्त तीव्र विस्फोट के कारणों का पता लगाने हेतु अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है।साथ ही एमओबी की टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित करने की कार्यवाही की गयी।

## बास्केटबॉल के विशेष गहन प्रशिक्षण शिविर हेतु दल का जयपुर प्रस्थान

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )** । राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के अंतर्गत चयनित बास्केटबॉल खेल के जिले से चयनित 35 प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं सपोर्टिंग स्टाफ का दल जयपुर रवाना हुआ। अधिक जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि जिले के इन खिलाड़ियों को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल मैदानों पर राजस्थान राज्य कीड़ा परिषद के वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिले के विभिन्न नियमित चलने वाले खेल मैदानों से चयनित इन खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षण हेतु संपूर्ण सुविधाएं यथा यात्रा, आवास, पौष्टिक आहार एवं अन्य सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 12 जनवरी तक चलेगा। खिलाड़ियों के प्रस्थान के समय बड़ी संख्या में अभिभावक, खेल प्रेमी एवं विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक निशा राजपूत, अर्जुन सिंह, कृष्णकांत टांक, गोपाल माली, राकेश धाकड़, लोकेश भट्ट, मांगीलाल जाट, दीपक सेन इत्यादि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय लघु व्यवसाय विकास कार्यशाला में कपासन के किसान वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** निर्माण सोसायटी एवं पार्टनर्स वर्ल्ड के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को दो दिवसीय लघु व्यवसाय विकास कार्यशाला का समापन किया गया।जिसमे क्षेत्रीय किसान वर्ग एवं नवोद्यमियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।यहां सोमवार व मंगलवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसान वर्ग को व्यवसायिक सोच, स्वरोजगार के अवसर सहित आय बढ़ाने के आधुनिक तरीकों से अवगत कराना रहा।साथ ही छोटे व्यवसाय की शुरुआत,प्रबंधन,वित्तीय योजना एवं लाभ कमाने की रणनीति सहित उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग इत्यादि विषय पर कार्यशाला में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान कार्यशाला आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरण देते हुवे मार्गदर्शन प्रदान किया गया।जिससे किसान वर्ग को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता मिल सकेगी।जिसको लेकर उपस्थित प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया एवं आयोजकों के प्रयासों की सराहना की गयी।उक्त दो दिवसीय कार्यशाला के अंत में आयोजकों ने बताया कि भविष्य में इसी प्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे।जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के किसान वर्ग एवं और युवाओं आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित किया जा सके।

## अवैध धूम्रपान सामग्री की बिक्री जोरों पर, मनमाने दाम वसूल रहे दुकानदार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** शहर में इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी विभागीय अनुमति के बीड़ी, सिगरेट और गुटखा जैसे धूम्रपान उत्पादों की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। हैरत की बात यह है कि शहर के मुख्य बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक में जगह-जगह ये प्रतिबंधित उत्पाद बिक रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग मौन साधे बैठा है। स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि दुकानदार न केवल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि इन उत्पादों पर अंकित मूल्य से कहीं अधिक दाम वसूल रहे हैं। कई दुकानदार इसे %अमानत राशि% या शॉर्टेज का हवाला देकर ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल रहे हैं। मनमाने दामों की इस वसूली से आमजन में भारी रोष है।

### नियमों की सरेआम धज्जियां

कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थानों और बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर कड़े प्रतिबंध हैं, बावजूद इसके पीलीबंगा में बिना किसी डर के अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। बिना विभागीय अनुमति और रजिस्ट्रेशन के चल रही इन दुकानों पर न तो स्वास्थ्य विभाग की नजर है और न ही स्थानीय प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है।

## बड़ोपल में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित, 40 यूनिट रक्त संग्रहित

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ोपल में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के अंतर्गत एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बाबा रामदेव प्रांगण में किया गया। कॉमेडियन राकेश लोहरा एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में युवाओं ने उत्साह दिखाते हुए 40 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों और जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा रहा। मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में लाफ्टर चैंपियन ख्याली सहारण ने अपनी कॉमेडी से लोगों को लोटपोट किया, वहीं पंजाबी गायक कृष्णा रांझा, सुनील धूलिया और आरके सुथार ने भजनों व गीतों की प्रस्तुति दी।शिविर का सबसे भावुक क्षण वह था जब गायक डीसी धालीवाल ने अपनी सुरीली आवाज में 'मां हुंदी अज जींदा' गीत की प्रस्तुति दी। इस मर्मस्पर्शी प्रस्तुति ने वहां मौजूद हर शख्स को भाव-विभोर कर दिया और कई लोगों की आंखों से आंसू छलक आए। यही नहीं गायक डीसी धालीवाल के गीत 'बाबा तान छतरी'पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। कॉमेडियन सितू वर्मा और क्वीन चिंपली ने भी कार्यक्रम में समां बांधा। इस अवसर पर संत श्री श्री 1008 सुभाष पुरी जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के जितेन्द्र गोयल, जाखड़ांवाली चौकी प्रभारी चैनदान चारण, हवलदार गुरुप्रेम सिंह मान, डॉ. प्रदीप जाखड़, महावीर सुडा, गौशाला अध्यक्ष साहब राम भूरटिया, पूर्व डायरेक्टर रोहिताश स्वामी व कृष्ण लाल लुगरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रेम भाटी व लोकेश शर्मा ने किया।

आयोजनकर्ता राकेश लोहरा ने सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए युवाओं को रचनात्मक कार्यों और रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से जुड़ना होगा। स्वस्थ समाज ही नशे के विरुद्ध इस युद्ध को जीत सकता है।

## हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण प्राप्त स्काउट-गाइड्स का सिटीजन कौसिल ने किया सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट-गाइड के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार पुष्कर घाटी में स्काउटिंग का सर्वोच्च हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिले के पाँच स्काउट-गाइड्स का मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कृष्णा कॉलोनी ब्यावर में आयोजित समारोह में सिटीजन कौसिल द्वारा सम्मान किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. एम.एम. गोयल ने स्काउट-गाइड को अंतरराष्ट्रीय गौरवशाली संस्था बताते हुए नि:स्वार्थ सेवा को इसका मूल उद्देश्य बताया। सहा-स्टेट कमिश्नर विमल चौहान ने प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बधाई दी, वहीं मोहन सिंह चौहान ने सीखी गई दक्षताओं को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया कौसिल की ओर से मोहन सिंह चौहान, बगदाराम सेन (रामपुर), अविनाश राजपुरोहित (जैतारण), विष्णु कुमार वर्मा (जैतारण) एवं विजयश्री (खरवो) को साफा, माला व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गोयल के डाक टिकट जारी होने पर विद्यालय परिवार ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन निधि सैनी ने किया ।

## जिला कलक्टर 12 फरवरी को करेंगे राशमी के बावलास में रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़, (नि.स.)। जनसुनवाई एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राशमी उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बावलास में 12 फरवरी (गुरुवार) को रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक ने बताया कि इस रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। ग्रामीण जन अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सीधे जिला कलक्टर के समक्ष रख सकेंगे।

## शारदा बेनीवाल की स्मृति में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित*

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ क्षेत्र के व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर चुके डॉक्टर एमपी बेनीवाल के बेनीवाल हॉस्पिटल श्री करनपुर द्वारा जगतगुरु महा ब्रह्मऋषि कुमार स्वामी द्वारा संचालित भगवान श्री लक्ष्मी नारायण चैरिटेबल हॉस्पिटल श्री करनपुर में शारदा बेनीवाल की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अनुराग मक्कड़ और उनके कुशल टीम के द्वारा 242 रोगियो की जांच कर 25 नेत्र रोगियों का लैंस प्रत्यारोपण कर निशुल्क चश्मा और दवा वितरित किए गए। शिविर संयोजक राज कुमार नागपाल ने बताया कि बेनीवाल हॉस्पिटल गत 25 वर्षो से जरूरत मंद की सेवा के लिए संकल्प रत हैं। मानव सेवा समिति के सानिध्य में डॉक्टर एम पी बेनीवाल द्वारा मानव सेवा समिति के बैनर तले सैकडो निशुल्क ऑपरेशन किए गए। इसी क्रम में आज नेत्र जांच शिविर लगाया गया और शिविर में नेत्र रोगियो और सहयोगियों के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई।

## हरीशेवा धाम के पीछे अवैध अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई

### शराब पिलाने के लिए किया गया अस्थायी कब्जा हटाया



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )** । शहर के धार्मिक स्थल हरीशेवा धाम के पीछे स्थित शराब की दुकान के समीप सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को नगर निगम ने बुधवार को हटाने की कार्रवाई की। यह अतिक्रमण शराब पिलाने के उद्देश्य से किया गया था, जहां अस्थायी रूप से बैठने की व्यवस्था की गई थी तथा पंखे और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे।

नगर निगम को क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शराब की दुकान के पीछे खुलेआम शराब पिलाई जा रही है, जिससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाकर क्षेत्र को खाली कराया गया। अस्थायी ढांचे हटाकर अतिक्रमण समाप्त कराया गया। निगम अधिकारियों ने संबंधित पक्ष को भविष्य में इस प्रकार का कब्जा नहीं करने की सख्त हिदायत दी।

इसके साथ ही नगर निगम द्वारा पास ही स्थित कई भोजनालयों द्वारा सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। भोजनालयों द्वारा सड़क व फुटपाथ पर रखे गए टेबल-कुर्सी और अन्य सामान हटवाकर यातायात व आवागमन को सुचारू किया गया।

नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मम्मी-पापा संग दौड़े नन्हे कदम, तालियों में गूंजा बचपन

## वर्द्धमान रूट्स में स्पोर्ट्स वीक का भावनात्मक समापन, खेलों से निखरा आत्मविश्वास

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल, वर्द्धमान रूट्स में स्पोर्ट्स वीक का समापन नन्हे खिलाड़ियों की मुस्कान, तालियों की गूंज और अभिभावकों की सहभागिता के बीच अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। पीजी, नर्सरी एवं एलकेजी-एचकेजी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी मासूम ऊर्जा, आत्मविश्वास और खेल भावना से पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख एवं अकादमिक प्रभारी व कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा का नन्हे बच्चों द्वारा मांगलिक तिलक, पुष्पमाला एवं प्राचार्या श्वेता नाहर द्वारा बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत खेल भावना और बच्चों के उत्साहवर्धन के संदेश के साथ हुई। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, झंडियों एवं आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिसने वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया नन्हे खिलाड़ियों के लिए कोन एंड बॉल रेस, रिंग रेस, पिकअप एंड ड्रॉप, मैथ्स रेस, हैप्पी किड्स रेस, लिटिल बिल्डर रेस, स्मार्ट मूव रेस, बैलेंस रेस, चेयर्स रेस, फन रेस, रनिंग रेस सहित अनेक खेल एवं गतिविधियाँ आयोजित की गई। बच्चों ने पूरे जोश, उमंग और अनुशासन के साथ इन खेलों में भाग लिया।

छोटे-छोटे कदमों से दौड़ते बच्चों की मुस्कान और अभिभावकों की तालियों ने सभी का मन मोह लिया। खेलों के माध्यम से बच्चों ने सहयोग, अनुशासन और आत्मविश्वास का सुंदर परिचय दिया विशेष आकर्षण यह रहा कि पीजी कक्षा के अभिभावकों के लिए भी खेल गतिविधियाँ आयोजित की गई। मम्मी-पापा को खेलों में भाग लेते देख बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया और पूरा परिसर खुशियों से सराबोर हो उठा विद्यालय की प्राचार्या एवं शिक्षकों ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास की मजबूत नींव रखते हैं तथा ऐसी गतिविधियाँ बच्चों में साहस, आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच को विकसित करती हैं समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता बच्चों के चेहरों पर खुशी और गर्व की चमक देखते ही बन रही थी, वहीं सभी प्रतिभागियों का भी तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया गया।अभिभावकों ने विद्यालय के इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस प्रकार वर्द्धमान रूट्स स्कूल में आयोजित नन्हे बच्चों का खेल दिवस समारोह खुशियों, उत्साह और प्रेरणा से भरा अविस्मरणीय अनुभव बनकर सभी के दिलों में बस गया।

## मेंटेनेंस कार्य के दौरान बीच बाजार गिरा दुकान का छज्जा, बाल, बाल बचे राहगीर

### अन्य दुकानदारों ने रात में काम करने की दी थी सलाह, नहीं दिया ध्यान, नगर पालिका ने दिया नोटिस



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में बीच बाजार घंटाघर के पास दिनदहाड़े एक दुकान और ऊपर मकान का कॉर्नर भर-भराकर गिर गया। इस दौरान मौके पर हडक़ंप मच गया और आसपास के लोगों ने भाग कर जान बचाई। बाद में रास्ता रोक कर पूरे कॉर्नर को नीचे गिराया गया। बताया जा रहा है कि दुकानदार द्वारा दुकान और ऊपर स्थित मकान का मेंटेनेंस कार्य कराया जा रहा था। इसको लेकर पड़ोसियों ने रात में काम करने की भी दुकानदार को सलाह दी थी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया। गनीमत यह रही की कोई हादसा नहीं हुआ। घंटाघर निवासी दीपक सोनी ने बताया कि उनके पड़ोस में स्थित दुकानदार राजू वैश्य और उसके भाई अपनी दुकान और उसके ऊपर स्थित मकान का मेंटेनेंस कार्य करा रहे थे। इनका कॉर्नर काफी दिनों से गिरासू हालत में था। जिसको लेकर पूर्व में अन्य दुकानदारों ने भी सलाह दी थी साथ में यह भी कहा था कि चलते बाजार को देखते हुए रात में काम कराया जाए। जिससे कोई जनहानि नहीं हो लेकिन ना तो दुकानदार ने इसको लेकर कोई ध्यान दिया और ना ही मिस्रियों ने कार्य के दौरान इसको नोटिस किया। ऐसे में मंगलवार को दिन में दिन में काम के दौरान बाजार साइड का कॉर्नर भर-भरा कर नीचे आ गिरा। इस दौरान एक दर्जन से अधिक लोग यहां मौजूद थे। जिन्होंने छज्जे को गिरता देख इधर-उधर भाग कर जान बचाई। गनीमत यह रही की कोई हादसा नहीं हुआ। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमिताभ मीणा ने बताया कि जैसे ही बाजार में दिन में मेंटेनेंस काम होने और एक साइड के गिरने की सूचना मिली। कर्मचारियों को बेचकर संबंधित दुकानदार को नोटिस दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। क्योंकि मेंटेनेंस कार्य को लेकर ना तो नगर पालिका से कोई स्वीकृति ली है ना ही किसी प्रकार की कोई सुरक्षा व्यवस्था की है।

## इकलहरा में खातेदारी की भूमि पर मस्जिद निर्माण की सूचना पर पुलिस प्रशासन ने रुकवाया निर्माण



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग के गांव इकलहरा में कुछ लोगों द्वारा मस्जिद का निर्माण कराए जाने को लेकर विवाद पैदा होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन तुरंत हरकत में आया । पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने तत्काल गांव इकलहरा पहुंच कर मौके पर चल रहे कार्य को बंद करा कर संबंधित व्यक्तियों को वैधानिक अनुमति लेकर निर्माण कराने के लिए पाबंद किया गया है। तहसीलदार जुगीता मीणा ने बताया है कि गांव इकलहरा में चंदा पुत्र वक्ता फकीर ,लाल सिंह सहित अन्य द्वाराअपनी सह खातेदारी की जमीन पर सार्वजनिक उपयोग के लिए एक 2 कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। जिसको लेकर गांव के कुछ लोगों ने जिला प्रशासन को सूचना दी कि गांव में बिना अनुमति लिए फकीरों द्वारा मस्जिद का निर्माण कर जा रहा है।जिसको लेकर गांव में दोनों पक्षों में तनाव है। जिस पर एएसपी अखिलेश शर्मा ,सीओ सीताराम वैरवा , तहसीदार जुगीता मीणा और थाना कोतवाली प्रभारी रामनरेश मीणा, गिरदावल पटवारी और पुलिस जाप्ता के साथ गांव इकलहरा पहुंचे। मौके पर जाकर जांच की तो पाया की गांव के फकीर चंदा पुत्र वक्ता,लाल सिंह और अन्य सह खातेदारों द्वारा अपनी खातेदारी की जमीन पर बिना वैधानिक अनुमति के सामुदायिक उपयोग के लिए दो कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। जिस को लेकर गांव के लोगों का कहना था कि गांव के फकीरों द्वारा मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है जिसको लेकर हिंदू समाज में रोष है। पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त निर्माण कार्य बंद करा कर निर्माण कर्ता को अनुमति के बिना आगे निर्माण नहीं कराने के लिए पाबंद कर दिया गया है। दोनों पक्षों को समझाइश कर गांव में शांति बनाए रखने को कहा गया है।फिलहाल गांव में पूरी तरह शांति ही पुलिस स्थिति पर सजगता से नजर बनाए हुए है।

## धौलपुर में बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौतःबाड़ी बाईपास रोड पर हुआ हादसा, बस को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर में बाड़ी कस्बे में बाईपास रोड पर निजी बस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सोमवार को हुए इस हादसे में 60 साल के बुजुर्ग प्राइवेट बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान ताले पुत्र नेकराम कुशवाहा, निवासी बाड़ी बाईपास रोड के रूप में हुई है। बताया गया कि ताले बाईपास रोड के पास खड़े थे, तभी एक निजी बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल ताले को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और मृतक के शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# शिक्षा विभाग के कार्यालय में अधिकारियो की निष्पादन समिति की बैठक

## भारत स्काउट गाइड का हुआ वार्षिक अधिवेशन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदलाल मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को शहर के ब्लॉक शिक्षा विभाग कार्यालय में समस्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की मौजूदगी में ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नन्दलाल मीणा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे अतिथि के रूप में धौलपुर से आये मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल मौजूद रहे।



मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल ने बैठक में समस्त स्कूलों के संस्था प्रधानों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा विभाग में चल रही नवीन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सभी योजनाओं पर प्रभावी तरीके से कार्रवाई करते हुए कार्य को समय पर पूरा किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदलाल मीणा ने ब्लॉक रैंकिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई को लेकर समस्त प्रंसिपल को पाबंद किया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा एवं अजय कुमार कौशिक ने ईएलसी गठन,सी बॉक्स गठन, आधार,जन आधार अपडेशन,अपार आईडी सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक का संचालन आर पी सुरेश भारद्वाज द्वारा किया गया।

बैठक में स्काउट सचिव राजेश कुमार शर्मा एवं धौलपुर से पधारे मनोज कुमार शर्मा ने विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालन को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्काउट के प्रति स्कूली बच्चों में उत्साह पैदा हो और वह रुचि से इसमे प्रवेश ने इसके लिए विद्यालय में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम किया जाए और स्काटों के कर्तव्य एवं महत्व की बच्चों को जानकारी दी जाए। जिससे वे स्काउट से जुड़ सके। बैठक में आर पी घनश्याम दास मीणा,पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विष्णु कुमार मीणा,द्वारका प्रसाद मीणा, राजेंद्र सिंह बघेल,मंगलाराम मीणा सहित अन्य प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड बाड़ी का वार्षिक अधिवेशन संपन्न राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ बाड़ी की साधारण सभा सभा एवं वार्षिक अधिवेशन सहायक जिला कमिश्नर नन्दलाल मीणा की अध्यक्षता में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बाड़ी में मंगलवार को संपन्न हुआ।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नन्दलाल मीणा ने सचिव पद पर राजेश कुमार शर्मा व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमखेड़ा को नियुक्त किया। इस अवसर पर मीणा ने संस्था प्रधानों व स्काउट गाइड प्रभारियों को प्रत्येक विद्यालय में मंगलवार व शुक्रवार को सप्ताह में 2 दिन स्काउटिंग गतिविधि को पूर्ण मनोयोग से संचालित कर करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक ने कहा कि स्काउटिंग से जुडक़र विद्यार्थियों को राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति अवार्ड अर्जित करने का सुअवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारिका प्रसाद मीणा,विष्णु मीणा, महेंद्र सिंह बघेल,राजेंद्र सिंह बघेल, विजय सिंह पुनिया,ओमप्रकाश मोदी,रामदास बघेल,मयंक शर्मा,दिलीप शर्मा, नारायण सिंह, रमेश चंद्र रावत,, कुमार पाल जाटव,विजय सिंह चावड़ा,माता प्रसाद ,मयंक शर्मा सत्य प्रकाश गुप्ता मंगल सिंह मीणा अयूब खान स्काउट शीतल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 5 साल बाद सुलझा भरतपुर पूर्व राजपरिवार का विवाद

## विश्वेन्द्र सिंह ने बेटे संग फोटो पोस्ट कर लिखा-सुखद मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने करीब पांच साल बाद बेटे अनिरुद्ध सिंह के साथ सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड किया है। कैप्शन लिखा- 'आज जवाहर रिजॉर्ट में बहुत दिनों बाद मेरे बेटे युवराज अनिरुद्ध भरतपुर से सुखद मुलाकात हुई।' वहीं अनिरुद्ध ने भी एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- 'मुझे कॉफी पीने का शौक है। पिताजी ने नई कॉफी मशीन खरीदी है। मैं कॉफी पीने चला गया।'

दोनों के बीच करीब 5 साल से विवाद चल रहा था। इसके बाद ये फोटो सामने आने के बाद दोनों के बीच सुलह होने की संभावना जताई जा रही है।



**5 साल पहले बेटे ने की थी अनबन पर पोस्ट**

31 मई 2021 को अनिरुद्ध सिंह ने पिता के साथ हुई अनबन पर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। इससे पहले अनिरुद्ध सिंह पारिवारिक अनबन की बातों को नकारते रहे थे।

**प्रॉपर्टी को लेकर भी हुआ था विवाद**

इधर, करीब 6 महीने पहले 24 अगस्त 2025 को पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पारिवारिक कलह पर खुलकर लिखा था। उस वक्त अनिरुद्ध ने एक पोस्ट कर पिता विश्वेन्द्र सिंह पर बयाना स्थित बंध बारैठा की कोठी को अवैध रूप से बेचने का आरोप लगाया था। जवाब में विश्वेन्द्र सिंह ने लिखा था- हकीकत में कोठी बंध बारैठा मेरी निजी संपत्ति थी। राजपरिवार की संपत्ति नहीं थी। इसको बेचने के लिए मैं अधिकृत था। इसलिए मेरी पत्नी दिव्या सिंह ने मुझसे जबरदस्ती लिखवा कर बिकवाया था। दिव्या सिंह ने उस पैसे से नई दिल्ली में एक महंगा फ्लैट अपने नाम से लिया। इसलिए यह कहना कि कोठी बंध बारैठा को अवैध रूप बेचा गया है, ये गलत है।

**विवाद के चलते लगाई थी याचिका**

विवाद के कारण मार्च 2024 में विश्वेन्द्र सिंह ने बेटे और पत्नी के खिलाफ एसडीएम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी। हालांकि ये याचिका एसडीएम कोर्ट ने खारिज कर दी।

## पुलिस को देख स्कॉर्पियो छोड़ भागे बदमाश, 2 पिस्टल बरामद,3 जिंदा कारतूस भी मिले सवाई माधोपुर की सूरवाल पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर संभाग के सवाई माधोपुर की सूरवाल थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 12 बोर पौना पिस्टल, एक 315 बोर देशी कट्टा पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। एक स्कॉर्पियो कार भी जब्त की है। हालांकि इस दौरान कार में सवार बदमाश भाग निकले। सूरवाल थानाधिकारी बनी सिंह ने बताया- आईजी भरतपुर रेंज के आदेशानुसार एक दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया था। इसके तहत थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि सोमवार की शाम शेरपुर रोड, सूरवाल पर एक स्कॉर्पियो में अवैध हथियार ले जाए जा रहे हैं। मौके पर नाकाबंदी कर पुलिस ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया। लेकिन स्कॉर्पियो ड्राइवर कार को तेज गति से भगाते हुए बिजली लाइन के



खंभे से टकरा गया। कार में सवार बदमाश शाहरुख पुत्र हनीफ असरफ पुत्र बाबू खान, निवासी दोंदरी, थाना मानटाउन, जिला सवाई माधोपुर कार को सडक़ पर छोडक़र मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम को स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर गाड़ी में 12 बोर पौना पिस्टल, एक 315 बोर देशी कट्टा पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। बरामद अवैध हथियारों को जब्त कर किया गया। साथ ही अवैध हथियारों की सप्लाई में यूज की गई स्कॉर्पियो कार को भी जब्त किया गया।

## महिला सशक्तिकरण को समर्पित बजट-शिवानी दायमा

### बजट को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने किया सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा ने बजट को लेकर भरतपुर विधानसभा के ग्राम मलाह में एक महिला सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला संयोजक कविता गोयल ने की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि शिवानी दायमा ने बजट के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बजट में अनेक योजनाओं को शामिल किया गया है। मुख्य वक्ता ने कहा कि आज का बजट महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। केन्द्रीय बजट एवं आगामी राज्य बजट के प्रावधानों



के माध्यम से महिला सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकेगी। सम्मेलन में उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए जिला संयोजक कविता गोयल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की एक मजबूत नींव है। उन्होंने महिलाओं से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही जिनमें विभा गर्ग, शहर मंडल अध्यक्ष अनामिका चौधरी, उच्चैन की मंडल अध्यक्ष रजनी जाटव, महामंत्री चिरौंजा, सविता फौजदार, सुमन, सपना, गुड्डी, गुड्डन, रेशमा आदि उपस्थित रहीं। श्रीराम भाई, ब्रह्माकुमार बादाम भाई, ब्रह्माकुमारी ओमवती बहन, ब्रह्माकुमार रोहित भाई, ब्रह्माकुमार गौरव भाई, ब्रह्माकुमार जयसिंह भाई सहित सैकड़ों भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डीग उप सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी प्रवीण दीदी द्वारा किया गया।

## विधायक ने किया डांग क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** विधानसभा क्षेत्र के डांग क्षेत्र में चल रहे सडक़ निर्माण कार्यों का विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति देख विधायक ने गहरी नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों व ठेकेदार को फटकार लगाई। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक माह के भीतर सडक़ों का कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा तथा टेंडर निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सडक़ों को एक वर्ष पूर्व टेंडर हुआ था लेकिन अब तक मात्र 10 से 20 प्रतिशत ही कार्य पूरा हो पाया है,जो बेहद चिंताजनक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजाई नगर, चंदीलपुरा, रजाने की धीमरी सहित अन्य स्थानों पर चल रहे सडक़ निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के एईएन और जेईएन भी मौके पर मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों और ठेकेदार को खरी-खोटी सुनाते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।



विधायक जसवंत सिंह गुर्जर इस दौरान विकास कार्यों को लेकर सख्त नजर आए और उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने इस दौरान बसई डांग थाने का भी निरीक्षण किया। जहां न तो एसएचओ मिले ना ही कोई सबोर्डिनेट अधिकारी। ऐसे में विधायक ने मौके से ही एसएचओ को फोन लगाया और वस्तु स्थिति की जानकारी दी साथ में निर्देश दिए कि इस प्रकार थाने को खाली छोडऩा ठीक नहीं है। यह डांग क्षेत्र का थाना है।

## ओल में 90वाँ त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव श्रद्धा व उल्लास से संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, उप सेवा केंद्र ओल के तत्वावधान में जवाहर इंटर कॉलेज के प्रांगण में 90वाँ त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदरणीय ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, सह-प्रभारी आगरा एवं सेवा केंद्र प्रभारी भरतपुर ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केनरा बैंक के बैंक मैनेजर भ्राता देवेंद्र प्रताप , उनके सहयोगी अधिकारी भ्राता योगेश , जवाहर इंटर कॉलेज ऑल के प्रिंसिपल भ्राता सोहन झा जी, रूपवास सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी बबीता



दीदी डीग उप सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी प्रवीण दीदी, एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भरतपुर उप सेवा केंद्र प्रभारी पूनम बहन एवं ओल उपसेवाकेन्द्र की प्रभारी ब्र कु योगिता बहिन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए आदरणीय ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने कहा कि हम सभी परमात्मा शिव की स्मृति में शिवरात्रि का पर्व मना रहे हैं। परमात्मा शिव इस कलियुगी रात्रि में आकर ज्ञान की रोशनी से मानव आत्माओं के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर रहे हैं। उन्होंने सभी को शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि भ्राता देवेंद्र प्रताप जी (केनरा बैंक मैनेजर) ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज को परमात्मा से जोडऩे तथा आपसी सहयोग व जीवन परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनके सहयोगी भ्राता योगेश जी ने भी शिवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशाल प्रभात फेरी से की गई, जिसे भ्राता चंद्रवीर सिंह जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा तिलक, बैज एवं फूल माला से किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बबीता दीदी द्वारा ईश्वर स्मृति का मधुर गीत प्रस्तुत किया गया तथा कुमारी सिमरन ने 'शुभ स्वागतमदृशुभ स्वागतम' गीत पर सुंदर स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी अनु बहन ने परमात्मा शिव का सत्य परिचय देते हुए बताया कि परमात्मा सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान एवं सर्वोच्च हैं। उन्होंने परमात्मा शिव को ज्योति बिंदु स्वरूप बताते हुए शिवरात्रि की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।इसके पश्चात रूपवास सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी बबीता दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा।वहीं जवाहर इंटर कॉलेज ऑल के प्रिंसिपल भ्राता सोहन झा जी ने संस्थान के सेवाभावी कार्यों की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।इसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण किया गया। साथ ही अतिथियों को सौगात साहित्य एवं प्रसाद प्रदान किया गया तथा उपस्थित सभी भाई-बहनों को भी प्रसाद वितरण किया गया।

# देवली नगर पालिका का बड़ा घोटाला

## 50 लाख का म्यूजिकल फाउंटेन बना शोपीस

### वाइस चेयरमैन ने उठाई आवाज, लेकिन नहीं हुई कोई कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शहर की नगर पालिका द्वारा करवाए गए कार्यों में भ्रष्टाचार की परत दर परत अब खुल कर लोगो के सामने आती जा रही है। वर्तमान पालिका बोर्ड के कार्यकाल में यहां जो विकास कार्यों करवाए गए उन में ठेकेदार और कार्य से संबंधित अधिकारी के तालमेल की बदौलत यहां सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया गया है। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है।

मामला यह कि पालिका ने 7 दिसंबर 2021 को 49 लाख 67 हजार रुपये की राशी का एक टेंडर जारी करते हुए अटल उद्यान में म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण करवा दिया था। जानकारी के अनुसार इसका लोकार्पण 2022 के अक्टूबर माह में किया गया था। लोकार्पण के चंद दिनों बाद ही उक्त म्यूजिकल फाउंटेन बंद होकर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

ऐसे मे 50 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया म्यूजिकल फाउंटेन आज अपने बदहाल अवस्था में पड़ा हुआ है। या यह कहे की इस कार्य में हुए भ्रष्टाचार के कारण उक्त म्यूजिकल फाउंटेन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ महीने पहले देवली पालिका के वाइस चेयरमैन सौरभ जिंदल ने उक्त म्यूजिकल फाउंटेन की बदहाली पर आवाज उठाई थी। लेकिन यहां बढ़ते भ्रष्टाचार के आगे वर्तमान वाइस चेयरमैन सौरभ जिंदल की किसी ने एक नहीं सुनी। इसके बाद उक्त म्यूजिकल फाउंटेन अपनी सुंदरता खोते हुए कबाड़ में तब्दील होता चला गया है । इस पर यहां लोगों का यह भी मानना है कि उक्त म्यूजिकल फाउंटेन के निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है । इसी कारण से म्यूजिकल फाउंटेन की बदहाली बनी हुई है। या यह कहे कि उक्त म्यूजिकल फाउंटेन के निर्माण ने नगर पालिका मैं पनप रहे भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। यहां समझने वाली बात तो यह है कि देवली नगर पालिका के द्वारा करवाए गए कार्यों में सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने की नीति पिछले 5 सालों से यहां आम बात बनी हुई है। ऐसे हालातो की जानकारी राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग को बखूबी प्राप्त है। इसके बावजूद उच्च अधिकारियों ने यहां नगर पालिका के द्वारा करवाए गए कार्यों की समीक्षा आज तक नहीं की।



इतना ही नहीं यहां पालिका के कार्यों में भ्रष्टाचार जैसे हालातो की जानकारी जांच एजेंसियों के पास होने के बावजूद जांच एजेंसी खामोश बनी हुई है। शायद वजह से नगर पालिका के कार्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा तक पहुंचे गया है। तो वही लाखों करोड़ों रुपए की लागत से करवाए गए से दर्जनो कार्य अपनी निर्धारित अवधि से पहले बदहाल अवस्था में पहुंच गए हैं। ऐसे जीते जागते सबूत अटल उद्यान प्राप्त हो सकता है। पालिका के द्वारा करवाए गए कार्य में भ्रष्टाचार की नीति जैसे मामलों में एक मामला देवली शहर के अटल उद्यान मे साफ तौर पर यह देखा जा रहा है कि 3 साल पहले पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन और पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने योजनाबद्ध नीति के तहत अटल उद्यान में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण करवाया था। इस कार्य को करवाए जाने के लिए उक्त दोनों ही जिम्मेदारों ने अपने चहते ठेकेदार को म्यूजिकल फाउंटेन लगाने एवं इससे संबंधित कार्यों का ठेका देकर म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण करवा दिया था। ऐसे में देखने वाली बात तो यह है कि 2022 के अक्टूबर, नवंबर माह मे म्यूजिकल फाउंटेन के फव्वारों ने अटल उद्यान की शोभा तो बढ़ा दी थी। परंतु कार्य में हुए भ्रष्टाचार के कारण उक्त म्यूजिकल फाउंटेन यानी के संगीत मय फव्वारे ज्यादा दिन नहीं टिक पाए और लोकार्पण के चंद दिनों बाद ही खामोश अवस्था में चले गये ।

इस मामले में जानकारी यह भी सामने आई है कि 2022 में लगभग 50 लाख की लागत तैयार करवाए गए इस म्यूजिकल फाउंटेन के टेंक डाले जाने वाले पानी पर पालिका द्वारा लगभग 7 लाख रूपये प्रतिवर्ष अलग से खर्च किए जाते रहे है। यह जानकारी ई निविदा के दस्तावेजों से प्राप्त हुई है । जबकि यहां उक्त म्यूजिकल फाउंटेन का वॉटर टैंक कई सालो सूखा पड़ा हुआ है। ऐसे में इसके टैंक में डाले जाने वाले लाखो रुपए का पानी आखिरकार किसकी पूर्ति करता चला आरहा है । ऐसे में यह एक सोचनीय विषय बना हुआ है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि 50 लाख रुपए जैसे बड़े खर्च पर 3 वर्ष पहले पालिका ने लगभग 15 सौ स्क्वायर फीट की भूमि पर जिस म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण करवाया है । इस पर लोगों का मानना है कि अगर इसी कार्य को किसी अन्य सरकारी एजेंसी के द्वारा करवाया जाता तो शायद यह कार्य 10 से 15 लाख रुपये तक के खर्च पर तैयार हो जाता। लेकिन पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने और पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने सरकारी धन से अपने चहते ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के नियत से इस म्यूजिकल फाउंटेन पर लगभग 50 लाख रुपया खर्च कर दिया है। इसके बावजूद यह म्यूजिकल फाउंटेन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

#### इनका कहना

म्यूजिकल फाउंटेन 80प्रतिशत तक सही,फ्लोराइड पानी की वजह से बंद पड़ा

पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने कहा कि इस मामले में लोग क्या कहते हैं मुझे पता नहीं लोग जो बोले उसे आप लिख सकते हैं। मैंने इसके लिए रोका नहीं है। म्यूजिकल फाउंटेन 80प्रतिशत तक सही है। फ्लोराइड पानी की वजह से बंद पड़ा है। बीच में चालू भी किया गया था, एक सप्ताह के अंदर इसे फिर से चालू कर दिया जाएगा।

**सुरेश कुमार मीणा**
**अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका देवली।**

ठेकेदार ने इस कार्य में घटिया ब्रांड की सामग्री का इस्तेमाल किया

इस मामले में पालिका के वाइस चेयरमैन सौरभ जिंदल ने कहां है कि म्यूजिकल फाउंटेन के ठेकेदार ने इस कार्य में घटिया ब्रांड की सामग्री का इस्तेमाल किया है। कई समय से म्यूजिकल फाउंटेन बंद पड़ा हुआ है। इस कार्य से संबंधित ठेकेदार से वसूली की जानी चाहिए।

**सौरभ जिंदल**
**वाइस चेयरमैन,नगर पालिका देवली।**

## निचली मियारी में श्री ओंकारेश्वर महादेव कलश स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले की निचली मियारी में नवनिर्मित श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में आगामी दिनों में कलश स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य एवं धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन फाल्गुन कृष्ण 9 से 13 (11 से 15 फरवरी 2026) तक विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ फाल्गुन कृष्ण 9, बुधवार (11 फरवरी 2026) को गणेश पूजन, पञ्चांग पूजन, जलयात्रा, मंडप प्रवेश, देवस्थान पूजन तथा अग्नि स्थापना के साथ होगा। इसके पश्चात प्रतिदिन देव पूजन, यज्ञकर्म, अभिषेक, आरती एवं अन्य वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे।फाल्गुन कृष्ण 13, रविवार (15 फरवरी 2026) को प्रात: 7 बजे से मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति का मुख्य आयोजन होगा। इसी दिन महाप्रसादी का आयोजन प्रात: 11 बजे से किया जाएगा, जिसमें समस्त श्रद्धालुओं को प्रसादी ग्रहण करने का अवसर मिलेगा।महोत्सव के दौरान नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन भी किया जाएगा। यह कथा रामस्नेही संत श्री रामचरणजी महाराज के मुखारविंद से 11, 12 एवं 13 फरवरी को प्रतिदिन सायं 7.30 से 10 बजे तक आयोजित होगी। इस धार्मिक आयोजन में देशभर से पधारे परम पूज्य संत-महापुरुषों का सान्निध्य प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र का धार्मिक वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। आयोजन में संतों के प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं धर्मोपदेश होंगे। आयोजन के यज्ञाचार्य पंडित श्री उमेशजी द्विवेदी (कसार, चारभुजा) रहेंगे। समस्त कार्यक्रम निचली मियारी, जिला राजसमंद में आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## मंगरा के लाल नंदकिशोर प्रजापत की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि, गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी गई अंतिम सलामी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भीम क्षेत्र के मंगरा गांव निवासी एवं सीआरपीएफ में तैनात जवान नंदकिशोर प्रजापत का रविवार को उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद जवान की पार्थिव देह जैसे ही गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों एवं ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। शहीद नंदकिशोर प्रजापत की पार्थिव देह को निवास स्थल से मुक्तिधाम तक तिरंगे में लिपटी अंतिम यात्रा के रूप में ले जाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुक्तिधाम पहुंचने पर सीआरपीएफ के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर शहीद को अंतिम सलामी दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान शहीद के पुत्र पंकज एवं राहुल ने मुखाग्नि दी। इस भावुक क्षण में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर पूर्व सैनिक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस के जवान भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि शहीद नंदकिशोर प्रजापत मध्य प्रदेश के नीमच स्थित सीआरपीएफ कैंप में तैनात थे। कुछ दिन पूर्व वे कैंप से लापता हो गए थे, जिसके बाद उनका शव झाडियों के पास मिला। इस घटना को लेकर परिजनों एवं सीआरपीएफ के जवानों ने अनभिज्ञता जताई है। परिजनों का कहना है कि जवान की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जो जांच का विषय है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वीर सपूत की शहादत से क्षेत्र में शोक के साथ-साथ गर्व का माहौल है। हर आंख नम थी, लेकिन सीना गर्व से चौड़ा।

## विशेष ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से जिले में किसानों व आमजन को मिला मौके पर ही लाभ

### जिले में ग्राम उत्थान शिविरों में लगभग 5 लाख कार्य संपादित कर लोगों को किया गया लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा ग्राम-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026) की तैयारियों एवं ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से अलवर जिले के गिरदावर सर्किल पर आयोजित विशेष ग्राम उत्थान शिविरों में लगभग 5 लाख कार्य सम्पादित किए गए तथा शिविरों में भाग लेने वाले 1 लाख 33 हजार से अधिक लोगों को विभिन्न विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा तारबंदी योजना के 78403 आवेदन, पाइप लाइन के 69145 आवेदन, फार्म पौण्ड के 5&466 आवेदन, बैलों से खेती योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि के 25016 आवेदन कराए गए। इसी प्रकार 94265 लोगों को फसल बीमा, 101948 लोगों को एमएसपी, 108382 लोगों को कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई तथा 13667 सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण व 45137 मिनी किट वितरण का सत्यापन, 27524 बीज वितरण का सत्यापन किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा फव्वारा संयंत्र के 43002 आवेदन, ड्रिप के &&&50 आवेदन एवं प्लास्टिक मल्च के 24433 आवेदन, सौर पम्प के 22528 आवेदन, सोलर पम्प के 1735 आवेदन एवं पॉली हाउस से वंचित प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए 401 आवेदन कराए गए तथा 92497 लोगों को उद्यानिकी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विपणन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइसेस स्कीम के तहत 303 आवेदन कराए गए, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के अंतर्गत 23 प्राप्त आवेदनों का निस्तारण व बस स्टैण्ड पर यात्रियों के लिए किसान विश्राम स्थल के 20 आवेदन के प्रस्ताव तैयार कराए गए।

## सरकारी बालिका स्कूल बना 'डांस फ्लोर' : शकरगढ़ की विदाई में अश्लील गानों पर छात्राओं संग शिक्षिकाओं का नृत्य, वीडियो वायरल

बढ़ता राजस्थान

**जहाजपुर( गोविंद सिंह सेठी )।** भीलवाड़ा जिले मे शकरगढ़ कस्बे की सरकारी बालिका स्कूल बना 'डांस फ्लोर'! सरकारी स्कूल में छात्रों के साथ शिक्षिकाएं भी अश्लील गानों पर झूम झूम कर नाचने लगी छत पर सोया था बहनोई मैं थने समझ कर सो गई।



इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया कार्रवाई करने वाले जिम्मेदारों की आंखें नहीं खुली। मामला राजस्थान के भीलवाड़ा जिले मे शकरगढ़ कस्बे की सरकारी स्कूल का है । जिस स्कूल को संस्कार, अनुशासन और शिक्षा का मंदिर कहा जाता है, जब वही अश्लील गानों पर मनोरंजन का मंच बन जाए तो सवाल उठना वाजिब है। हुआ यह है कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्करगढ़, तहसील जहाजपुर में आयोजित 12वीं कक्षा की विदाई समारोह का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसने शिक्षा व्यवस्था की मर्यादा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सरकारी बालिका विद्यालय के मंच पर तेज और अश्लील पंजाबी गाने बज रहे हैं। जिन पर न केवल छात्राएं बल्कि महिला शिक्षिकाएं भी झूमती नजर आ रही हैं। जिस उम्र में बालिकाओं को संस्कार, संयम और जीवन की दिशा देने की आवश्यकता होती है, उसी उम्र में उन्हें किस तरह के कार्यक्रम परोसे जा रहे हैं, यह दृश्य उसका जीता-जागता उदाहरण बन गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई निजी आयोजन नहीं, बल्कि सरकारी विद्यालय का आधिकारिक विदाई समारोह था, जहां अनुशासन और मर्यादा की अपेक्षा की जाती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिन शिक्षकों पर समाज को नई दिशा देने की जिम्मेदारी है, क्या वही शिक्षक छात्राओं को फूहड़ता का पाठ पढ़ा रहे हैं? मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग भी हरकत में आया है। इस संबंध में सीबीईओ जहाजपुर शिखा राणा ने कहा कि विद्यालय में अशोभनीय और फुहड़ गानों पर आयोजित कार्यक्रम को गंभीरता से लिया गया है और दोषी अध्यापकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हालांकि अब सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या केवल नोटिस से शिक्षा के मंदिर की गरिमा लौट पाएगी।

गरीबों,मजदूरों और किसानों के नेता स्व.पायलट साहब को दी श्रद्धांजलि व किया नमन

# गरीब,मजदूर व किसान का बेटा नीतियाँ बनाने वाली कुर्सीपर बैठे : कसाणा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले की विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटीयों के संयुक्त तत्वाधान में देश के महान किसान नेता,पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व.राजेश पायलट की 80वीं जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गईं। यह कार्यक्रम कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाशचन्द पूर्व चेयरमैन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय एलबीएस महाविद्यालय में स्थापित स्व. राजेश पायलट की प्रतिमा स्थल पर सम्पन्न हुआ।इस मौके पर किसान,मजदूर और गरीब के हितेषी नेता रामस्वरूप कसाणा ने श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहा कि स्व.पायलट साहब सही मायने में वह चाहते थे जो संकीर्णवादी मानसिकता के लोग कभी नहीं चाहते!उन्होंने कहा था कि जब तक गरीब,मजदूर और किसान का बेटा उस कुर्सी पर नहीं बैठेगा जहाँ से न्याय और नीतियाँ बनाई जाती हैं मेरा संघर्ष जारी रहेगा।स्व. पायलट साहब के द्वारा बोले गए और मेरे सहित अन्य द्वारा सुने गए ये शब्द भारतीय संकीर्णवादी मानसिकता के लोगों पर प्रहार था!मेरा प्रयास रहेगा कि स्व.पायलट साहब के सपनों को साकार करने में जुटे पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट साहब के कंधे से कन्धा मिलाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करुँ। उन्होंने कहा कि स्व.पायलट साहब देश की सेना में रहकर देश की सेवा की,राजनीति में आकर देश सेवा की!तो भारत सरकार को किस बात का प्रमाण चाहिए कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया जा सकता!कसाणा ने कहा कि हम सब को उनके जीवन चरित्र से शिक्षा लेनी चाहिए और लगातार जन सेवा करनी चाहिए। वहीं संगठन महामंत्री वी.के. नवल ने बताया कि स्व.पायलट साहब की जयंती पर श्रद्धांजलि देने आए पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत,पीसीसी महासचिव देव कसाणा,पीसीसी सचिव जगदीश मीणा,प्रदेश उपाध्यक्ष मानवाधिकार एवं आरटीआई रमेश गुप्ता,चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ अभिलाष मीणा,हनुमान सैनी,सूर्यकान्त शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश जिंदल,डॉ मालीराम कसाणा,के.एम.बंसल,रामसिंह सीनेटर,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सैल के जिलाध्यक्ष मुनानुद्दीन कुरैशी, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह मीणा, नारेहड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोकुल आर्य,छात्र नेता साँवत गुर्जर,एडवोकेट पवन सैनी,ओमप्रकाश सैनी,पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी,सरपंच अरविन्द यादव,रामप्रताप रावत,मण्डल अध्यक्ष सचिन रावत,मुकेश मुक्कड़,अभिषेक रावत,सागर दहिया सहित काफ़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने स्व. पायलट साहब को श्रद्धांजलि दी।



## एक्सरसाइज रुद्र शक्ति में किया युद्ध का जीवंत प्रदर्शन




बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर (रंजन दवे)** । दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग - इन - चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में ऑल आर्म्स युद्धाभ्यास एक्सरसाइज रुद्र शक्ति की समीक्षा की । लाइव फायरिंग के साथ अभ्यास में भारतीय सेना ने बदलते युद्धक्षेत्र के अनुरूप उच्च तीव्रता वाली संयुक्त सैन्य कार्रवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया । सेना लगातार आधुनिक तकनीक , नेटवर्क आधारित युद्ध प्रणाली और संयुक्त ऑपरेशन की दिशा में आगे बढ़ रही है , जिसे ऐसे अभ्यासों के जरिए परखा जा रहा है । भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से बताया कि यह अभ्यास एक्सरसाइज अखंड प्रहार का फोलोअप है । रुद्र ब्रिगेड को एकीकृत ऑल आर्म्स फॉर्मेशन के रूप में विकसित किया है । इसमें पैदल सेना , आर्मर्ड , मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री , तोपखाना और वायु रक्षा जैसी इकाइयों का तालमेल शामिल है । इससे सेना को मल्टी- डोमेन ऑपरेशन में तेज और प्रभावी कार्रवाई की क्षमता मिलती है । अभ्यास के दौरान यंत्रीकृत बलों , तोपखाना , वायु रक्षा इकाइयों , आर्मी एविएशन हेलीकॉप्टरों और मानवरहित प्रणालियों के समन्वित उपयोग पर विशेष ध्यान दिया । मरुस्थलीय क्षेत्र में ऐसे अभ्यास सेना की वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में तैयारियों को मजबूत करते हैं ।

पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज लंबे समय से सेना और वायुसेना के बड़े युद्ध अभ्यासों का केंद्र रही है । समीक्षा के दौरान सेना कमांडर ने सैनिकों की पेशेवर दक्षता , प्रशिक्षण गुणवत्ता और ऑपरेशनल तैयारी की सराहना की । यह अभ्यास भारतीय सेना के तकनीक - सशक्त , मिशन - तत्पर और भविष्य उन्मुख बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है । सेना का लक्ष्य बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप संगठनात्मक नवाचार और सामरिक क्षमता को लगातार मजबूत करना है ।

# मुख्यमंत्री ने गोविंददेव जी परिसर से विशाल कलश यात्रा का किया शुभारंभ

# युवा पीढ़ी संतों की शिक्षा को करें आत्मसात, भारत की गौरवशाली परंपरा को बढ़ाएं आगे : मुख्यमंत्री शर्मा





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के आराध्य श्री गोविंददेव जी मंदिर परिसर स्थित जय निवास उद्यान से विधिवत पूजा-अर्चना कर विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत-महात्मा राष्ट्र को सही दिशा देकर सनातन संस्कृति को मजबूत कर रहे हैं तथा इनके विचार मानवता, सेवा एवं सद्भावना का संदेश देते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि संतों की शिक्षाओं और आदर्शों को आत्मसात करें तथा भारत की गौरवाशाली परम्परा को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

श्री शर्मा ने कहा कि बाबा बालनाथ ने भारतीय धर्म एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने में अद्वितीय योगदान दिया। इसी परंपरा का बाबा बस्तीनाथ जी महाराज भी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' की अवधारणा पर आधारित है, जो सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का संदेश देती है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री बस्तीनाथ महाराज को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री शर्मा ने महाराज जी के आशीर्वचन भी सुनें। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इससे पहले श्री शर्मा ने गोविंददेव जी मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भगवान गोविंददेव जी के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

डिजिटल भारत के साथ साइबर सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती

## साइबर अपराध के खिलाफ सभी एजेंसियां एकजुट : शाह



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि साइबर अपराध के खिलाफ एक मजबूत, समन्वित और तकनीक-सक्षम तंत्र की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियां, राज्य पुलिस और अन्य संस्थान मिलकर काम कर रहे हैं। गृह मंत्री साइबर-आधारित धोखाधड़ी से निपटना और इसके तंत्र को समाप्त करना विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**सभी प्रमुख संस्थान साइबर अपराध रोकने में जुटे**-अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी), राज्य पुलिस, सीबीआई, एनआईए, ईडी, दूरसंचार विभाग, बैंकिंग प्रणाली, आईटी मंत्रालय, आरबीआई और न्यायपालिका जैसे संस्थान साइबर अपराध को रोकने और कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर एजेंसी की अपनी भूमिका और जिम्मेदारी है, लेकिन आपसी समन्वय के बिना इस लड़ाई में सफलता संभव नहीं है।

### आई4सी पोर्टल का बढ़ा उपयोग, लाखों शिकायतें दर्ज

गृह मंत्री ने बताया कि जनवरी 2020 से 2025 के बीच आई4सी के साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल का व्यापक स्तर पर उपयोग हुआ है। 30 नवंबर 2025 तक इस पोर्टल का 23 करोड़ से अधिक बार इस्तेमाल किया गया। इसी अवधि में 82 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से करीब 1 लाख 84 हजार शिकायतें एफआईआर में बदली गईं और कई मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा भी किया गया।

### साइबर अपराध के खिलाफ बहुआयामी रणनीति पर काम

अमित शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने साइबर अपराध से निपटने के लिए काफी पहले ही एक व्यापक रणनीति अपनाई है। इसमें रियल-टाइम रिपोर्टिंग, फॉरेंसिक लैब का नेटवर्क, क्षमता निर्माण, अनुसंधान एवं विकास, साइबर जागरूकता को समाज तक पहुंचाना और साइबर स्पेस में साइबर हाइजीन सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इन सभी प्रयासों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ही एक सुरक्षित और मजबूत साइबर तंत्र बनाया जा सकता है।

## रेवंत रेड्डी बोले- बीजेपी के लिए ओवैसी ही इकलौते भगवान

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि भाजपा भगवान राम का नाम तो लेती है, लेकिन असल में उनके लिए सबसे बड़ा सहारा और इकलौता भगवान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी हैं। रेवंत रेड्डी ने सोमवार को हैदराबाद में प्रेस कॉफ्रेंस कर कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए बार-बार ओवैसी को मुद्दा बनाती है।

अगर भाजपा के राजनीतिक इतिहास और बयानों का विश्लेषण करें, तो उनके लिए सिर्फ एक ही भगवान असदुद्दीन ओवैसी हैं। भाजपा हर बार असदुद्दीन ओवैसी को खलनायक के रूप में पेश करती है। जब केंद्र और कई राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, तो अगर ओवैसी इतने बड़े विलेन हैं, उन्हें कंट्रोल क्यों नहीं किया जा रहा।

## मौसम : बाड़मेर, जैसलमेर समेत 8 शहरों में पारा 30 डिग्री के पार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अब दिन गर्म होने लगे हैं। यहां तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री तक ऊपर दर्ज हो रहा है। दिन में तेज धूप रहने से लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर समेत 8 शहरों में सोमवार को अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

वहीं, कुछ शहरों में रात में भी सर्दी अब धीरे-धीरे कम होने लगी है। जैसलमेर, फलोदी और बीकानेर में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में अगले 3-4 दिनों तक मौसम साफ रहने और तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटों के मौसम की बात करें तो उत्तरी जिलों को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही। बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ के इलाकों में सुबह से दोपहर तक हल्के बादल छाए रहे, लेकिन शाम होते-होते यहां भी आसमान साफ हो गया। सोमवार को दिन में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज किया गया।



बाड़मेर के अलावा जैसलमेर, जोधपुर और बीकानेर में 30.6-30.6, फलोदी और जवाई (पाली) में 30.2, डूंगरपुर में 30.1, जालौर में 30 और चित्तौड़गढ़ में 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन सभी शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री ऊपर रहा। इन शहरों के अलावा भीलवाड़ा में अधिकतम तापमान 29.3, जयपुर में 27, अजमेर में 28.4, पिलानी में 26.9, सीकर में 27.4, उदयपुर में 29.5, कोटा में 27.9, चूरू में 29.8, गंगानगर में 26.3 और नागौर में 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन सभी शहरों में भी अधिकतम तापमान औसत से 2 डिग्री ऊपर दर्ज हुआ।

### रात में कम होने लगी सर्दी

दिन में तापमान चढ़ने के साथ अब रात में भी तापमान बढ़ने लगा है। इस कारण कुछ शहरों में अब लोगों को रात की तेज सर्दी से थोड़ी राहत मिलनी शुरू हो गई। डूंगरपुर में न्यूनतम तापमान 14.9, बीकानेर में 15.3, जैसलमेर में 14.6, जयपुर में 13.7, प्रतापगढ़ में 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां अन्य दिनों की तुलना में कल कम सर्दी रही। सबसे ठंडा इलाका पाली रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## उमर अब्दुल्ला बोले-अमरनाथ यात्रा को कश्मीरी मुसलमानों ने आसान बनाया

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा को हमेशा कश्मीरी मुसलमानों ने आसान बनाया है और आगे भी बनाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रियों को लिए सुविधाएं आर्टिकल 370 के हटने के बाद ही आसान नहीं हुई हैं। कश्मीरियों ने हमेशा तीर्थयात्रियों को अपने कंधों पर उठाकर गुफा तक पहुंचाया है। कश्मीरियों के बिना यात्रा कब मुमकिन हुई है? मंगलवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा में सीएम ने साल 2026-27 के लिए राज्य का बजट पेश किया। उन्होंने तीर्थक्षेत्र के विकास के लिए 180 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव रखा।

### विपक्ष के दावे पर सीएम का जवाब

अब्दुल्ला ने यह बात विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के दावे के जवाब में कही। शर्मा ने कहा था कि अमरनाथ यात्रियों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार का खास नियम अगस्त 2019 में आर्टिकल 370 हटाने के बाद ही मुमकिन हुआ। इससे पहले, 2026-27 के लिए अपना बजट पेश करते हुए, अब्दुल्ला ने सदन को बताया था कि उनकी सरकार दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ मंदिर जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा और आराम पक्का करने के लिए कमिटेड है। उन्होंने कहा कि सालाना तीर्थयात्रा के लिए 2025-26 के दौरान 200 से ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर के काम पूरे किए गए। उन्होंने बताया कि बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन के साथ पार्टनरशिप में तीर्थयात्रा के इंफ्रास्ट्रक्चर को और मॉडर्न बनाने के लिए काम किया जाएगा।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका ट्रेड डील

### फार्मा सेक्टर की पकड़ होगी मजबूत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर जहां कई सेक्टरों में अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं फार्मा सेक्टर ऐसा क्षेत्र है जो पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहा है। कम लेबर कॉस्ट और सस्ती दवा निर्माण क्षमता के चलते भारत पहले से ही अमेरिकी बाजार के लिए एक अहम सप्लायर बना हुआ है। ऐसे में अमेरिका की भारत पर निर्भरता मजबूत बनी हुई है, जो इस ट्रेड डील के बाद और बढ़ने की उम्मीद है।

**अमेरिका में भारतीय दवाओं की मजबूत मौजूदगी**-जोटा हेल्थकेयर के चेयरमैन केतन जोटा ने बातचीत में कहा कि अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा एफडीए-अप्रूव्ड फार्मा प्लांट भारत में हैं। भारत से बड़ी मात्रा में जेनरिक दवाएं, लाइफ सेविंग और क्रॉनिक बीमारियों से जुड़ी दवाएं अमेरिका को निर्यात की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित ट्रेड डील के तहत भारत को एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक सफलता मिली है, क्योंकि टैरिफ जैसे मामलों में अमेरिका आमतौर पर समझौते के लिए तैयार नहीं होता। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रोटोकॉल और संतुलित बातचीत के जरिए एक लाभकारी ढांचा तैयार किया गया है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा।

केतन जोटा ने बताया कि भारत से अमेरिका को मुख्य रूप से लाइफस्टाइल और क्रॉनिक बीमारियों से जुड़ी दवाओं का निर्यात किया जाता है। इनमें



डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायराइड जैसी बीमारियों की दवाएं शामिल हैं, जिनकी मांग अमेरिकी बाजार में लगातार बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय फार्मा कंपनियों की गुणवत्ता, लागत और समय पर सप्लाई की क्षमता ने अमेरिका जैसे बड़े बाजार में भारत की साख को और मजबूत किया है। केतन जोटा ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हुई ट्रेड डील से भारतीय फार्मा सेक्टर को बड़ा लाभ मिलने वाला है। इस समझौते के तहत एक्सपोर्ट पर ड्यूटी शून्य प्रतिशत कर दी गई है।

इससे न सिर्फ दवाओं के निर्यात में इजाफा होगा, बल्कि टेक्नोलॉजी और व्यापार का ट्रांसफर भी भारत में होगा। इसके चलते देश में दवा निर्माण और सस्ता होगा, जिसका सीधा लाभ घरेलू बाजार और मरीजों को मिलेगा।

## अमृतसर में आईएसआई की आतंकी साजिश नाकाम, 1 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर।** पंजाब में आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल, अमृतसर ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। खुफिया जानकारी के आधार पर की गई विशेष कार्रवाई में एसएसओसी ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी साजिश का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरडीएक्स आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की है और अमृतसर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार यह विस्फोटक डिवाइस किसी बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने के इरादे से तैयार की गई थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## अजित पवार प्लेन क्रेश, भतीजे रोहित को साजिश की आशंका

### बोले- पायलट का रिकॉर्ड सवालों के घेरे में था, एक्सपर्ट एजेंसियों से जांच कराई जाए

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले महीने विमान हादसे में उनके चाचा और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत में साजिश की आशंका है। उन्होंने इस मामले की एक्सपर्ट एजेंसियों से पूरी जांच की मांग की। एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार पहले इस हादसे में साजिश की बात खारिज कर चुके हैं। उन्होंने इसे दुर्घटना बताया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, रोहित पवार ने कैप्टन सुमित कपूर के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए, जो 28 जनवरी को हादसे वाले दिन अजित का विमान उड़ा रहे थे।

**रोहित ने ये बातें कहीं**-पायलट कैप्टन सुमित कपूर का रिकॉर्ड सवालों के घेरे में था। सुमित कपूर को पहले शराब पीने के कारण तीन साल के लिए सस्पेंड किया गया था। सीआईडी के पास जांच की पूरा अधिकार नहीं है, इसलिए राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, विमानन सुरक्षा विश्लेषण ब्यूरो, ब्रिटेन की हवाई दुर्घटना जांच शाखा और भारतीय एजेंसियों से जांच कराई जाए। उन्होंने वीएसआर कंपनी पर भी आरोप लगाया कि इस कंपनी का विमानन महानिदेशालय के अधिकारियों पर प्रभाव है और कंपनी कुछ भी कर सकती है। 2023 में वीएसआर कंपनी के विमान की जांच रिपोर्ट जमा हो चुकी है, फिर भी उच्च पदस्थ नेताओं की ओर से कंपनी के विमानों का इस्तेमाल जारी है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार